

राष्ट्रीय दैनिक

# बुद्ध का संदेश

हिन्दी समाचार पत्र

लखनऊ,कानपुर,कन्नौज,बरेली,सीतापुर,सोनभद्र,गोण्डा,बाराबंकी,बलरामपुर,श्रावस्ती,बहराइच,अम्बेडकरनगर,फैजाबाद, बस्ती, संतकबीरनगर,गोरखपुर,कुशीनगर,देवरिया,महराजगंज,सिद्धार्थनगर में एक साथ प्रसारित।



राम पोथिनेनी, श्रीलीला ने मैं पीछे–पीछे में ...8





दैनिक बुद्ध का संदेश | 9795951917,9415163471 | @budhakasandesh | budhakasandeshnews@gmail.com | www.budhakasandesh.com

सोमवार, 07 अगस्त 2023 सिद्धार्थनगर संस्करण | www.budhakasandesh.com | वर्षः 10 अंकः 228 पृष्ठ 8 आमंत्रण मूल्य 2/–रूपया

लखनऊ सुचीबद्ध कोड– SDR-DLY-6849, डी.ए.वी.पी.कोड–133569 | सम्पादक : राजेश शर्मा | उत्तर प्रदेश सरकार एवं भारत सरकार (DAVP) से सरकारी विज्ञापनों के लिए मान्यता प्राप्त


## पीएम ने किया अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने रविवार को अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम का उद्घाटन रिमोट के जरिए किया। इस दौरान प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने अमृत रेलवे स्टेशन के शिलान्यास कार्यक्रम में देशभर के 508 रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी। इस दौरान रेलवे मंत्री अश्विनी वैष्णव, भाजपा के कई वरिष्ठ और दिग्गज नेता भी मौजूद थे।

इस दौरान पीएम मोदी ने कहा कि दुनिया में दक्षिण अफ्रीका, यूक्रेन, स्वीडन, यूके जैसे देशों में जितना रेल नेटवर्क है भारत ने अकेले 9 साल में रेल ट्रैक बनाए गए है। भारत का लक्ष्य है कि रेलवे और सुलभ और सुखद बनाई जाए। यात्रियों की सुविधा के लिए प्लेटफॉर्म पर बैठने के लिए अच्छे वेटिंग रूमों का निर्माण हो रहा है। हजारों स्टेशनों पर मुफ्त इंटरनेट भी उपलब्ध होगा।

विपक्ष पर साधा निशाना

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा कि विपक्ष हर अच्छे काम का विरोध करता है। विपक्ष ने संसद भवन की नई इमारत का विरोध किया। शहीदों के लिए वॉर मेमोरियल का निर्माण नहीं करवाया। स्टैच्यू ऑफ यूनिटी जाने पर भी विपक्ष को आपत्ती



है। सरदार पटेल को विपक्ष नमन नहीं करता है। वो ना ही काम करेंगे और ना ही करने देंगे।

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने कहा कि विकसित होने के लक्ष्य की तरफ भारत कदम बढ़ा रहा है। भारत वर्तमान में अपने अमृतकाल में है। अभी नए अध्याय की शुरुआत हो रही है, जिसे लिखा जा रहा है। भारत में 1300 रेलवे स्टेशनों में से 508 रेलवे स्टेशनों का अमृत भारत स्टेशन के तहत पुनर्विकास किया जाएगा। इस पूरी प्रक्रिया में लगभग 25 हजार करोड़ रुपए खर्च किए जाएंगे। प्रधानमंत्री ने कहा कि बीते 30 वर्षों ये पूर्ण बहुमत की सरकार बनी है। दुनिया में भारत की साख मजबूत हो रही है। उन्होंने रेल मंत्रालय का जिक्र करते हुए कहा कि ऐतिहासि कदम के लिए रेल मंत्रालय की सराहना करता हूं। सभी देश वासियों को भी बधाई। उन्होंने कहा कि पूरी दुनिया भारत को देख रही है। भारत की वैश्विक स्तर पर साख भी बढ़ी है। भारत के प्रति दुनिया का रवैया बदला है, जिसमें भारत के लोगों ने तीन दशक बाद पूर्ण बहुमत की सरकार बनाई है। शहर के रेलवे स्टेशन भी शहर की पहचान से संबंधित होते है। स्टेशनों पर पहुंचकर ही शहर की पहली तस्वीर दिखती है, जिससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलेगा। इस दौरान प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने बताया कि प्रधानमंत्री ने जिन रेलवे स्टेशन के पुनर्विकास की आधारशिला रखी, उनमें उत्तर प्रदेश और राजस्थान के 55–55, बिहार के 49, महाराष्ट्र के 44, पश्चिम बंगाल के 37, मध्य प्रदेश के 34, असम के 32, ओडिशा के 25, पंजाब के 22, गुजरात एवं तेलंगाना के 21–21, झारखंड के 20, आंध्र प्रदेश तथा तमिलनाडु के 18–18, हरियाणा के 15 व कर्नाटक के 13 स्टेशन शामिल हैं। पीएमओ ने बताया था कि इस पुनर्विकास परियोजना की लागत 24,470 करोड़ रुपये होगी और इसके तहत यात्रियों को आधुनिक सुविधाएं प्रदान की जाएंगी। उसने बताया था कि स्टेशन भवनों का डिजाइन स्थानीय संस्कृति, विरासत और वास्तुकला से प्रेरित होगा। पीएमओ ने कहा था कि प्रधानमंत्री मोदी अक्सर अत्याधुनिक सार्वजनिक परिवहन के प्रावधान पर जोर देते हैं और रेलवे लोगों के लिए परिवहन का पसंदीदा साधन है। उसने कहा था कि मोदी ने रेलवे स्टेशन पर विश्व स्तरीय सुविधाएं प्रदान करने के महत्व को प्राथमिकता दी है। पीएमओ के मुताबिक, प्रधानमंत्री के इस दृष्टिकोण के मद्देनजर 1,309 स्टेशन के पुनर्विकास के लिए अमृत भारत स्टेशन योजना शुरू की गई है। उसने कहा कि अमृत भारत स्टेशन योजना के तहत प्रधानमंत्री ने रविवार को 508 स्टेशन के पुनर्विकास कार्य की आधारशिला रखी।

## दिल्ली सेवा विधेयकः लोकसभा में पारित होने के बाद अब राज्यसभा में पेश करेंगे अमित शाह

नई दिल्ली। केंद्रीय गृह मंत्री



अमित शाह सोमवार यानी सात अगस्त को संसद के राज्यसभा में श्राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र दिल्ली सरकार (संशोधन) विधेयक 2023श पेश करने जा रहे है। इस बिल को दिल्ली सेवा बिल भी कहा जा रहा है, जो कि मूल रूप से दिल्ली में अधिकारियों के ट्रांसफर–पोस्टिंग से संबंधित बिल है। इस बिल के तहत अधिकारियों की नियुक्ति और ट्रांसफर के मामले में उपराज्यपाल का फैसला ही अंतिम माना जाएगा। इस बिल को तीन अगस्त को अमित शाह ने लोकसभा में पेश किया था जहां विपक्ष के भारी विरोध के बीच इसे ध्वनि मत से पारित कर दिया गया था।

अब राज्यसभा में होगा पेश

लोकसभा में आसानी से इस बिल के पारित होने के बाद इसको राज्यसभा में केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह पेश करेंगे। इस दौरान केंद्र सरकार की पूरी कोशिश होगी कि राज्यसभा में भी दिल्ली सेवा बिल को पारित कर सके। बता दें कि लोकसभा में इस विधेयक पर चार घंटे तक चर्चा हुई थी, जिसके जवाब केंद्रीय गृह मंत्री ने दिए थे।

ऐसा है राज्यसभा का गणित

जानकारी के मुताबिक राज्यसभा में 238 सांसद हैं। इस विधेयक को पारित करने के लिए भाजपा को 119 सांसदों की आवश्यकता है, जबकि पार्टी के पास वर्तमान में 92 सांसदों की संख्या ही है।

### आप–कांग्रेस ने जारी किया व्हिप

आम आदमी पार्टी ने राज्यसभा के सांसदों को सात और आठ अगस्त को सदन में मौजूद रहने के लिए कहा है। इस संबंध में पार्टी ने व्हिप जारी किया है। वहीं कांग्रेस पार्टी ने भी अपने सांसदों को व्हिप जारी कर संसद में उपस्थित रहने के निर्देश दिए है। बता दें कि इस बिल को लेकर केंद्र सरकार और आम आदमी पार्टी के बीच लगातार टकराव की स्थिति बनी हुई है। इस बिल का आम आदमी पार्टी लगातार खुलकर विरोध कर रही है। आम आदमी पार्टी चाहती है कि राज्यसभा में ये बिल पारित ना हो पाए।

## श्रद्धा मर्डर केसः श्रद्धा के पिता ने बताया, आफताब ने Toilet में किए थे उसके शरीर के टूकड़े

श्रद्धा मर्डर केस में कोर्ट गवाहों के बयान दर्ज हो रहे है। इसी कड़ी में अपनी लिव इन पार्टनर की हत्या करने वाले आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ मृतका श्रद्धा वालकर के पिता विकास वालकर ने भी अदालत में बयान दर्ज करवाए है। श्रद्धा के पिता ने इस दौरान आपताब के बारे में अदालत में बताया है। उन्होंने कहा कि आरोपी आफताब ने अपनी 'लिव–इन' पार्टनर श्रद्धा की हत्या करने के बाद किराए के घर के शौचालय में उसके शरीर के टुकड़े किए। श्रद्धा के शरीर के टुकड़ों को करने के बाद उसने उन्हें छतपुर पहाड़ी पर फेंक दिया। आरोपी ने श्रद्धा की हत्या गला घोंटने से की थी। इसके बाद आरी की मदद से उसकी कलाई काटी और उसे कूड़े के थैले में डाला था। बता दें कि ये बातें श्रद्धा के पिता विकास मदन वालकर ने दिल्ली की एक अदालत के सामने गवाही के दौरान बताई है। बता दें कि इस मामले में आफताब अमीन पूनावाला के खिलाफ दिल्ली की साकेत कोर्ट हत्या और सबूत मिटाने के आरोप तय कर चुकी है। वहीं श्रद्धा के पिता विकास वालकर ने बताया कि आफताब पूनावाला ने छतरपुर एन्क्लेव में 100 फुटा रोड पर शमशान घाट मंदिर (श्मशान भूमि मंदिर) के पीछे नाले



पर पहुंचकर, ठीक उसी जगह की ओर इशारा किया जहां उसने श्रद्धा के शव के टुकड़े फेंके थे। उन्होंने कहा कि दिल्ली पुलिस ने बाद में उस स्थान से श्रद्धा की लगभग 13 हड्डियां बरामद कीं। दिल्ली की अदालत सनसनीखेज हत्या मामले में गवाहों की गवाही दर्ज कर रही थी। श्रद्धा वालकर आरोपी के साथ 'लिव–इन' संबंधा में थी। उसकी पिछले साल 18 मई को पूनावाला ने कथित तौर पर गला घोंटकर हत्या कर दी थी। आरोपी पर आरोप है कि उसने पुलिस और जनता से बचने के लिए उसके शव को आरी से काटकर टुकड़ों को शहर भर में सुनसान जगहों पर फेंकने से पहले कई दिनों तक फ्रिज में रखा था। उसके शरीर के कई अंग बाद में पास के जंगल में पाए गए।

## अलीगढ़ के एक कारीगर ने राम मंदिर के लिए चार क्विंटल का ताला बनाया

अलीगढ़ के एक कारीगर ने अयोध्या में निर्माणाधीन राम मंदिर के लिए चार क्विंटल का ताला बनाया है। अगले साल जनवरी में भक्तों के लिए मंदिर के द्वार खुलने की उम्मीद है। भगवान राम के एक उत्साही भक्त और ताला बनाने वाले कारीगर सत्य प्रकाश शर्मा ने दुनिया का सबसे बड़ा



हस्तनिर्मित ताला तैयार करने के लिए महीनों तक मेहनत की, जिसे वह इस साल के अंत में राम मंदिर प्रबंधन को उपहार में देने की योजना बना रहे हैं। श्री राम जन्मभूमि तीर्थ क्षेत्र ट्रस्ट के एक पदाधिकारी ने कहा कि उन्हें बड़ी संख्या में भक्तों से प्रसाद मिल रहा है और उन्हें यह देखना होगा कि ताले का उपयोग कहां किया जा सकता है। ताला कारीगर शर्मा ने कहा कि उनके पूर्वज एक सदी से भी अधिक समय से हस्तनिर्मित ताला बनाते आ रहे हैं। वह 45 वर्षों से अधिक समय से ताला नगरी अलीगढ़ में तालों को पीटने और चमकाने का काम कर रहे हैं। शर्मा ने कहा, उन्होंने राम मंदिर को ध्यान में रखते हुए चार फीट की चाबी से खुलने वाला विशाल ताला बनाया, जो 10 फीट ऊंचा, 4.5 फीट चौड़ा और 9.5 इंच मोटा है। इस ताले को इस साल की शुरुआत में अलीगढ़ वार्षिक प्रदर्शनी में प्रदर्शित किया गया था और अब शर्मा, इसमें मामूली संशोधन करने और सजावट में व्यस्त हैं।

## चिराग पासवान ने कसा नीतीश कुमार पर तंज, कहा– इंडिया के नेता बैकबेंचर बन गए है

पटना। लोक जनशक्ति पार्टी (रामविलास) के अध्यक्ष और सांसद चिराग पासवान ने बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को लेकर बड़ा हमला बोला है। चिराग पासवान ने रविवार को नीतीश कुमार पर कटाक्ष किया और कहा कि नीतीश कुमार को विपक्षी गुट का नेतृत्व करना था। हालांकि उनकी भूमिका को अब कम कर दिया गया है। गौरतलब है कि चिराग पासवान पिछले महीने ही एनडीए में शामिल हुए थे, जिसके बाद उन्होंने एनडीए की बैठक में भी हिस्सा लिया था। इस दौरान पीएम मोदी के उन्होंने पैर छुए थे जिसके बाद खुद मोदी ने उन्हें गले से लगाया था, जिसके फोटो और वीडियो सोशल मीडिया पर जमकर वायरल हुए थे। वहीं अब लोकसभा सांसद चिराग पासवान ने नीतीश कुमार



पर निशाना साधा है। उन्होंने कहा कि अन्य विपक्षी नेताओं के बीच संबंध सौहार्दपूर्ण है। मगर इस महागठबंधन के नेता सिर्फ बैंकबेंचर के तौर पर ही रह गए है। गौरतलब है कि चिराग पासवान का ये बयान कांग्रेस नेता राहुल गांधी और राजद प्रमुख लालू प्रसाद यादव की दिल्ली में हुई मुलाकात के कुछ दिनों बाद आया है।

### लालू–राहुल ने की मुलाकात

बता दें कि सुप्रीम कोर्ट ने मोदी सरनेम मानहानि मामले में राहुल गांधी को राहत दी है और उनकी सजा पर रोक लगाई है। इसके बाद राहुल गांधी ने दिल्ली में राजद सांसद मीसा भारती के घर पर बिहार के उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव और लालू यादव से मुलाकात की थी। राहुल मीसा के घर मुलाकात करने पहुंचे थे। वैसे इस बैठक में बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार शामिल नहीं थे। विपक्षी गठबंधन इंडिया की अगस्त के अंत में ही मुंबई में बैठक भी होनी है। बता दें कि ऐसे में ये बैठक काफी अहम मानी जा रही है।

### चिराग का नीतीश पर तंज

*इसी बीच चिराग पासवान ने नीतीश कुमार को लेकर बड़ा बयान दे दिया है। उन्होंने कहा कि नीतीश कुमार को विपक्ष के सभी नेताओं को एक मंच पर लाने और एकजुटता बनाने की जिम्मेदारी दी गई थी। मगर आलम ये है कि नीतीश कुमार खुद भी चौथी या तीसरी पंक्ति तक में नजर नहीं आते है। यहां तक कि बेंगलुरु में हुई विपक्ष की बैठक में भी उनकी तस्वीर पोस्टर पर नहीं थी। उन्होंने कहा कि बेंगलुरू में जिस तरह के पोस्टर नीतीश कुमार के विरोध में लगे थे वो बेहद शर्मसार करने वाले थे।*

## जो भारत माता के खिलाफ बोलेगा, उसकी जान लेने में भी हम पीछे नहीं हटेंगे रू विजयवर्गीय



रतलाम। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) महासचिव कैलाश विजयवर्गीय ने विवादित बयान देते हुए कथित तौर पर कहा कि "जो भारत माता के खिलाफ बोलेगा, उसकी जान लेने में भी हम पीछे नहीं हटेंगे।" रतलाम दौरे पर आए विजयवर्गीय ने ग्राम बांगरोद में आयोजित भाजपा कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करते हुए शनिवार को कहा, "जो भारत माता की जय बोलेगा, वह हमारा भाई है और हम उसके लिए जान भी दे सकते हैं। और जो भारत माता के खिलाफ बोलेगा, उसकी जान लेने में भी हम पीछे नहीं हटेंगे।" उन्होंने आगे कहा, "ये हमारा संकल्प है और भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) इसीलिए है।" वह मध्य प्रदेश में इस साल के अंत में होने वाले विधानसभा चुनाव की तैयारियों के लिए रतलाम ग्रामीण विधानसभा क्षेत्र में हुए कार्यकर्त्ता सम्मलेन में भाग लेने आये थे। उन्होंने कहा कि "जो लोग भगवान राम को काल्पनिक मानते हैं, वे जनवरी में अयोध्या जाएं, उनके पाप धुल जाएंगे।" विजयवर्गीय ने कहा कि जब नारा लगाते थे कि रामलला हम आएंगे, मंदिर वहीं बनाएंगे तो कांग्रेस नेता कहते थे कि तारीख नहीं बताते। उन्होंने कहा कि आज अयोध्या में एक भव्य मंदिर बन रहा है। विजयवर्गीय ने कहा कि हर कोई जानता है कि जम्मू–कश्मीर में पहले क्या स्थिति थी। अब वहां हर घर में तिरंगा फहराया जा रहा है।






## छवि खराब करने की कोशिशों के कारण छोड़ा महासचिव का पदः प्रदीप सिंह वाघेला

अहमदाबाद। वाघेला ने दावा किया कि उन्हें बदनाम करने का यह गिरोह पिछले दो वर्षों से सक्रिय था, जिसमें ये लोग गलत जानकारी एकत्र करते थे और इसे लक्षित प्राप्तकर्ताओं तक प्रसारित करते थे।उन्होंने कहा कि यह संसद और विधानसभा चुनाव जैसी महत्वपूर्ण घटना से ठीक पहले होगा। वाघेला ने कहा कि जब हाल ही में संपन्न राज्यसभा चुनाव से ठीक पहले इसी तरह का प्रयास किया गया तो वह सतर्क हो गए और कुछ लोगों की पहचान करने में कामयाब रहे, जो वही लोग थे, जो पहले भी ऐसे प्रयासों के पीछे थे। उन्होंने दावा किया कि इनमें से कुछ लोग गैर–भाजपा सदस्य हैं और कुछ सरकारी अधिकारी हैं। गुजरात में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)



के वरिष्ठ नेता प्रदीप सिंह वाघेला ने रविवार को कहा कि उन्होंने पार्टी महासचिव का पद इसलिए छोड़ दिया है, क्योंकि पिछले दो वर्षों से लगातार उनकी छवि खराब करने कीकोशिशें की जा रही थीं और वह खुद को पाक साफ साबित करना चाहते हैं। गुजरात में भाजपा के चार महासचिवों में से एक प्रदीप सिंह वाघेला ने निजी कारणों का हवाला देते हुए शनिवार को अपने पद से इस्तीफा दे दिया था। प्रदीप सिंह वाघेला ने अपने पद से इस्तीफा ऐसे समय में दिया है जब कुछ दिन पहले ही भाजपा की गुजरात इकाई के प्रमुख और सांसद सी आर पाटिल के खिलाफ कथित तौर पर अपमानजनक पत्र प्रसारित करने के आरोप में तीन लोगों को गिरफ्तार किया गया था। भाजपा की राज्य इकाई के एक नेता ने शनिवार को बताया था कि सत्तारूढ़ पार्टी के चार महासचिवों में से एक वाघेला ने व्यक्तिगत कारणों से पद से इस्तीफा दे दिया और उनका इस्तीफा पार्टी ने स्वीकार कर लिया है।भाजपा के वडोदरा शहर के महासचिव सुनील सोलंकी ने शनिवार को कहा कि उन्होंने भी व्यक्तिगत कारणों से अपने पद से इस्तीफा दे दिया है। वर्ष 2016 से महासचिव का पद संभाल रहे प्रदीप सिंह वाघेला ने दावा किया कि कुछ लोग उनकी छवि खराब करने के इरादे से उनके बारे में गलत जानकारी फैला रहे हैं। उन्होंने इस बारे में अधिक विवरण दिए बिना कहा कि ऐसे दो व्यक्ति सलाखों के पीछे हैं और अन्य को जल्द ही गिरफ्तार किए जाने की संभावना है। प्रदीप सिंह वाघेला ने पीटीआई–से कहा, " उन्होंने विशेष रूप से मुझे ऐसे कारण से निशाना बनाया जो स्पष्ट नहीं है। अगर पार्टी मुझे ऐसा करने का निर्देश देगी तो मैं उनके खिलाफ शिकायत दर्ज कराऊंगा। मैंने अपने पद से इस्तीफा दे दिया क्योंकि मैं चाहता था कि सब कुछ स्पष्ट हो जाए और यह सुनिश्चित किया जाए कि आरोपों की जांच निष्पक्ष रूप से हो।"वाघेला ने दावा किया कि उन्हें बदनाम करने का यह गिरोह पिछले दो वर्षों से सक्रिय था, जिसमें ये लोग गलत जानकारी एकत्र करते थे और इसे लक्षित प्राप्तकर्ताओं तक प्रसारित करते थे।

# जिले भर में बिक रहे मिलावटी खाद्य पदार्थ जिम्मेदार नहीं दे रहे ध्यान आखिर क्यों

## जिले में दूध,दही, खोया,पनीर,केक,छेना देशी घी के साथ अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता मानक विहीन होने साथ बिना लाइसेंस के धल्ले से विक्रय जिम्मेदार कौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोण्डा। जिले भर मानकों की अनदेखी दूध,दही, खोया,पनीर,केक,छेना देशी घी के साथ अन्य खाद्य पदार्थों की शुद्धता मानक विहीन होने तथा बिना लाइसेंस के धल्ले से विक्रय किया जा रहा है। लेकिन जिम्मेदार अधिकारियों की उदासीनता के कारण क्षेत्रीय जनमानस विषाक्त पदार्थों के सेवन कर शिकार हो रहे हैं। दूध की डिमांड की पूर्ति को पूरा करने के लिए विभिन्न प्रकार के ब्रांड के दूधों को बेचा जा रहा है। इसे रोकने के लिए शासन ने दिशा निर्देश जारी किया कि बिना रजिस्ट्रेशन व लाइसेंस के दुकान चलाने पर सख्त कार्यवाही होगी। लाइसेंस प्राप्त दुकानदार फर्म का नाम व लाइसेंस नम्बर भी लिखे। लेकिन कस्बा आर्य नगर में संदीप जयसवाल पराग मिल्क बार एण्ड पनीर भण्डार का बोर्ड लगा कर खाद्य पदार्थों की विक्रय किया जा रहा है लेकिन बोर्ड पर न तो रजिस्ट्रेशन नंबर अंकित है और न ही लाइसेंस नम्बर, फिर भी बेख़ौफ़ होकर मानक विहीन खाद्य पदार्थों की विक्रय कर रहे हैं इसी प्रकार खरगूपुर, गोकरननाथ शिवाला, गोपाल बाग,कौडियां वजीर गंज, नवाब गंज सहित पूरे जिले में हर क्षेत्र में बेधडक खाद्य पदार्थों को मानक विहीन दुकान संचालन किया जा रहा है यही नहीं दूध के विभिन्न पाऊज को मानक मूल्यो से अधिक मूल्यो पर विक्रय किया जा रहा है। जानकारों की माने तो खोया और पनीर, छेना तथा केक में सबसे अधिक मानक विहीन खाद्य पदार्थ है। दूध की आपूर्ति को पूरा करने के लिए संचालक इसमें पानी के अलावा केमिकल भी मिलाते हैं, जो कि सेहत के लिए हानिकारक होते हैं। पनीर व घी में भी इन दिनों बड़े स्तर पर मिलावटी खेल खेला जा रहा है। सामाजिक संगठनों की ओर से मिल रही शिकायतों के बाद भी सम्बंधित विभागीय अधिकारियों की उदासीनता के कारण बेखैफ हो कर शासन के दिशा निर्देशों को दरकिनार कर धड़ल्ले से दुकानों का संचालन किया जा रहा है। क्षेत्रीय जनमानस विषाक्त पदार्थों का सेवन करने के लिए मजबूर हैं। घी व तेल बिना एगमार्क के घी,तेल बेचा जा रहा है जो गैर कानूनी है।




### चिकित्सा की राय

प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र रूपईडीह प्रभारी डा अजय यादव ने कहा कि मिलावटी खाद्य पदार्थ का सेवन करने प्राण घातक है जो पेट, आंत, किडनी और त्वचा के अलावा लीवर को सबसे अधिक नुकसान करता है। केमिकल युक्त खाद्य पदार्थों का सेवन करने से केमिकल खून को प्रभावित कर पूरे शरीर को फैल जाता है और शरीर प्रभावित होने लगता विषाक्त पदार्थों के सेवन करने से आंखों और त्वचा की बीमारी की सबसे अधिक परेशानी होती है और पाचनतंत्र भी कमजोर हो जाता है जिससे बीमारी बढ़ने की अधिक आशंका रहती है। इस संबंध में अभिहित अधिकारी अजीत कुमार मिश्रा ने बताया कि अभियान चलाकर लोगों में जागरूकता पैदा किया जा रहा है और मिलावट करने वाले दुकानदारों पर विभागीय कार्रवाई की जाएगी।

# मुखबिर की सूचना पर बाइक चोर गिरोह गिरफ्तार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बलरामपुर। बलरामपुर जिले की एसओजी एवम नगर कोतवाली की पुलिस ने बाइक चुराने वाले गिरोह का पर्दाफाश करते हुए गिरोह के 4 सदस्यों को गिरतार कर उनके पास से चोरी की दो मोटरसाइकिलें बरामद की हैं। पुलिस गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की भी तलाश कर रही है। बताया जा रहा है कि नगर में मोटरसाइकिल की बढ़ती चोरी की घटनाओं को देखते हुए एसओजी और नगर कोतवाली की पुलिस टीम अपराधियों की तलाश में लगी हुई थी। तभी पुलिस को सूचना मिली कि कुछ लोग चोरी की मोटरसाइकिल लेकर तुलसीपुर की तरफ जा रहे हैं। सूचना मिलते ही एसओजी और नगर कोतवाली की पुलिस सक्रिय हो गई और मुखबिर द्वारा बताए गए तुलसीपुर रोड पर रानी तालाब के पास पहुंच गए। तभी दो मोटरसाइकिल पर आते हुए चार लोग दिखाई दिए। पुलिस द्वारा रोके जाने पर चारो मोटरसाइकिल से भागने लगे। जिन्हें पुलिस ने दौड़ाकर पकड़ लिया। पकड़े गए चारों लोगों से मोटरसाइकिल के कागजात मांगे गए। जिस पर वे आनाकानी करने लगे। पुलिस द्वारा सख्ती से पूछताछ किए जाने पर चारो ने अपना गुनाह कबूल कर लिया। पकड़े गए सोनू कनोजिया पुत्र बुधाई राम निवासी ग्राम गेंजहवा, कोतवाली देहात बलरामपुर सगुन सिंह उर्फ प्रियांशु प्रताप सिंह पुत्र कमलेश प्रताप सिंह निवासी भगवतीगंज कोतवाली नगर ,शिवम जयसवाल उर्फ गोलू पुत्र राम सहाय निवासी नील कोठी थाना देहात एवं अशोक यादव पुत्र राकेश यादव निवासी विश्नीपुर भगवतीगंज कोतवाली नगर को गिरतार कर न्यायलय के लिए रवाना कर दिया गया है। कोतवाली नगर के प्रभारी निरीक्षक विमलेश सिंह ने बताया कि गिरोह के कुछ अन्य सदस्यों की भी तलाश की जा रही है। जिन्हें जल्द ही गिरतार कर लिया जाएगा।




# पूर्व विधायक ने की तहसीलदार के विरूद्ध कार्रवाई की मांग

## मुख्यमंत्री के साथ विभागीय उच्चाधिकारियों को भेजा पत्र

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रूधौली के पूर्व विधायक संजय प्रताप जायसवाल ने मुख्यमंत्री, प्रमुख सचिव, प्रमुख सचिव राजस्व, मण्डलायुक्त बस्ती मण्डल को पत्र भेजकर भानपुर में तैनात तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह द्वारा किये और कराये जा रहे भ्रष्टाचार की मण्डल स्तरीय टीम गठित कर जांच कराने और विधिक कार्यवाही के साथ ही गैर जनपद स्थानान्तरण किये जाने की मांग किया है। मुख्यमंत्री के साथ ही उच्चाधिकारियों को भेजे पत्र में पूर्व विधायक संजय प्रताप ने कहा है कि विधानसभा क्षेत्र 309 रूधौली के क्षेत्रवासियों एवं अधिवक्ताओं द्वारा उनसे मिलकर ज्ञापन के माध्यम से यह पक्ष रखा गया कि तहसील भानपुर में तैनात तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह द्वारा भ्रष्टाचार व अवैध वसूली कराया जाता है। मुख्यमंत्री महोदय द्वारा जारी शासनादेश को परे रखकर निजी मुंशी रखना, उन्हे सेवा में बनाये रखना, कार्यवाही में रिपोर्ट लगाने के लिए राजस्व कर्मचारियों द्वारा मोटी सुविधा शुल्क की मांग किया जाता है। तहसील में आने वाले विवादित तथा अविवादित पत्रावलियों के निस्तारण में अलग–अलग अवैध मूल्य निर्धारित करते हुए वादकारियों से धनराशि की वसूली की जा रही है। लोगो द्वारा यह भी बताया गया कि गत 3 अगस्त 2023 को तहसीलदार के इशारे पर न्यायालय में नायब तहसीलदार अजीत सिंह द्वारा अधिवक्ताओं के साथ अभद्रता की गयी। राजस्व निरीक्षक , लेखपाल द्वारा धारा 116 बंटवारा तथा धारा 24. पक्की निशानदेही की पत्रावली में तहसीलदार के संरक्षण में 15 हजार से 20 हजार रुपये तक की वसूली की जाती है। इसकी शिकायत एसडीएम से भी की गयी लेकिन मामले को दबाने की कोशिश की गयी। तहसील भानपुर के न्यायालय में तमाम ऐसी पत्रावलियां पड़ी हुई है जो लेद देन के चक्कर में विचाराधीन रखी गयी है। तहसील भानपुर में हाल ही में हुए मत्स्य पालन हेतु पोखरे के पट्टे में काश्तकारो से जमानत धनराशि जो 5000 रूपये जमा करवाये थे वह किसी प्रतिभागी को वापस नहीं किया गया है। ज्ञात रहे। उक्त तहसीलदार सत्येन्द्र सिंह पूर्व में हरैया तहसील व बस्ती सदर में भी तैनात थे, जो अपने भ्रष्टाचार रवैये के चलते हमेशा सुर्खियों में बने रहे है। जिसको लेकर आचरण नियमावली के विपरीत हरैया तहसील में अधिवक्ताओं से मारपीट का एनसीआर व मुकदमा पंजी.त है। पूर्व विधायक संजय प्रताप ने इस प्रकरण को गंभीरता से लेते हुये प्रभावी कार्यवाही का आग्रह किया है।



# मानसून की पहली अच्छी बारिश से किसान हुए खुश

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका,सिद्धार्थनगर। रविवार को दोपहर बाद चार बजे से हुई तेज बारिश से किसानो के साथ साथ आम जन मानस में खुशी की लहर दौड़ पड़ी।किसानों का कहना है कि सूख पड़ी धान की फसल में जान आ गई है। इससे किसानों के सिचाई हेतु हजारों रूपयो की बचत हुई है।ज्ञातव्य हो कि अब तक सबसे अच्छी बरसात रविवार को हुई। करीब दो घंटे तक हुई झमाझम बारिश से धान की सूख रही फसल को संजीवनी मिल गई। किसानों के मुरझाए चेहरे खिल उठे। वहीं बारिश से उमस भरी गर्मी से राहत मिली। लेकिन नगर क्षेत्र में बारिश से जगह–जगह जलभराव हो गया। इससे लोगों को काफी दिक्कतों का सामना करना पड़ा। कस्बा व ग्रामीण क्षेत्रों में पानी के बिना धान की फसल मुरझा रही थी। आशंका जताई जा रही थी कि अबकी बार धान की फसल सूख ही जाएगी। पिछले दिनो छुटपुट हुई बारिश से कोई राहत नहीं मिली। फसल के लिए ज्यादा बारिश की जरूरत थी। रविवार को शाम चार बजे से झमाझम बारिश शुरू हुई जो देर शाम तक रही। दो घंटे की मूसलाधार बारिश से खेत, पोखरे, तालाब सब लबालब हो गए। वहीं बारिश से नगर व गांव की सड़कों पर जलभराव की स्थिति बन गई। सड़कों पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से लोगों को आवागमन में परेशानी उठानी पड़ी। इस बारिश से सोहास बाजार, ऊचहरिया एवं उसका बाजार नगर के रेहरा, परती, मोगलहा, उसका राजा आदि में सड़कों पर पानी भरा रहा जिससे लोगों को परेशानी उठानी पड़ी। रुक–रुककर चल रही हवा के कारण गर्मी व उमस से परेशान लोगों ने चौन की सांस ली। बारिश से सबसे ज्यादा खुशी किसानों में देखी गई। पानी के अभाव में सूख रही धान की फसल को संजीवनी मिली है।

# एसडीएम ने खलियान की जमीन से हटवाया अवैध कब्जा

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। रुधौली तहसील क्षेत्र के राजस्व ग्राम देउरा मे शनिवार



को उपजिलाधिकारी गिरीश कुमार झा के नेतृत्व में तहसील प्रशासन व स्थानीय पुलिस मैं गांव के खलियान की जमीन पर बने अवैध मदरसे को जेसीबी मशीन से ध्वस्त करवा दिया देवरा गांव के खलिहान गाटा संख्या १४६/००३७ हे० पर पूर्ण रूप से अवैध कब्जा पाया गया था इस पर उप जिलाधिकारी ने तत्काल कार्रवाई करते हुए उक्त मदरसे को ध्वस्त कराया अवैध कब्जा खाली कराने में तहसीलदार केसरी नंदन तिवारी नायब तहसीलदार प्रभारी निरीक्षक संजय कुमार तहसील के सभी राजस्व निरीक्षक लेखपाल व भारी संख्या में तैनात रहा पुलिस बल।

# पुलिस ने वांछित अभियुक्तों को किया गिरतार

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। थानाध्यक्ष नगर जनार्दन प्रसाद मय पुलिस टीम द्वारा



मु0अ0सं0 218/2023 धारा 354/354 क/354ख/323/504/506/376/511 आईपीसी थाना नगर जनपद बस्ती में वांछित अभियुक्तों को ग्राम रौसिंघापार थाना नगर जनपद बस्ती से गिरतार कर न्यायालय बस्ती के रवाना किया गया।

# वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के माध्यम से किसान पाठशाला का किया जाएगा आयोजन– डीडीएजी

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। उप कृषि निदेशक डॉ राकेश कुमार सिंह ने जनपद के समस्त किसान भाइयों को सूचनार्थ अवगत कराया है कि किसानों तक .षि की नवीनतम तकनीकी जानकारी उपलब्ध कराने हेतु दिनांक 07 एवं 08 अगस्त 2023 को जनपद के 64 ग्राम पंचायतों में अपराहन 2.30 बजे से 5.30 बजे तक किसान पाठशाला का आयोजन किया जाएगा, जिसका शुभारंभ दिनांक 07 अगस्त को अपराहन 2.30 बजे से वीडियो कांफ्रेंसिंग के माध्यम से उत्तर प्रदेश सरकार के .षि मंत्री सूर्य प्रताप शाही जी के द्वारा लखनऊ से किया जाएगा, इसमें .षि राज्य मंत्री बलदेव सिंह औलख जी व मुख्य सचिव दुर्गा शंकर मिश्रा जी के द्वारा प्रतिभाग किया जाएगा। उप .षि निदेशक ने अवगत कराया कि किसान पाठशाला के छठे संस्करण में किसानों को अन्न, प्रा.तिक खेती, परंपरागत खेती, पराली प्रबंधन, पशुपालन, यंत्रों के प्रबंधन, यंत्रों के प्रकार सहित विभिन्न योजनाओं की जानकारी दी जाएगी। उप .षि निदेशक ने किसान पाठशाला कार्यक्रम का लिंक ीजजचेरूमइबेंज.हवअ. पदण्नचण्हतपबनसजनतम उपलब्ध कराते हुए जनपद के समस्त किसान भाइयों से अपील किया है कि लिंक के माध्यम से कार्यक्रम के सजीव प्रसारण में सम्मिलित होकर जानकारी प्राप्त करते हुए लाभान्वित होने का कष्ट करें।

# अराजकता के खिलाफ एकजुट हो हिन्दू समाजः अखिलेश सिंह

## विश्व हिन्दू महासंघ की बैठक में सांगठनिक मजबूती पर जोर

दैनिक बुद्ध का संदेश

बस्ती। विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा हर्रैया विकास खण्ड के अमारी बाजार के महावीरन चौराहे पर बैठक सम्पन्न हुई जिसमें संगठन विस्तार और जातियों में बंटे हुए हिंदुओं को संगठित करने के लिए विचार विमर्श किया गया। मुख्य अतिथि के रूप में बैठक को सम्बोधित करते हुये महासंघ के जिलाध्यक्ष अखिलेश सिंह ने कहा कि हिन्दू समाज की अस्मिता की रक्षा के लिये हर घर से एक नौजवान को आगे आना होगा। कहा कि हिन्दू समाज आपस में बिखरा हुआ है इसी का लाभ उठाकर कुछ संगठन दरार पैदा करते हैं। कहा कि यदि अभी न चेते तो आने वाले दिनों में हिन्दू अल्पसंख्यक हो जायेगा और अपने ही देश में वह नये प्रकार के विषम परिस्थितियों में जकड़ सकता है। इस दिशा में विश्व हिन्दू महासंघ द्वारा निरन्तर जागरूकता के कार्यक्रम चलाये जा रहे हैं, इसमें भागीदारी बढानी होगी। अखिलेश सिंह ने कहा कि संगठन का विस्तार गांव गांव करके जातियों में बंटे हुए हिंदुओं को धर्म के प्रति सजग और संगठित करने का कार्य सभी पदाधिकारी कार्यकर्ता करें नहीं तो आने वाले समय में हरियाणा के मेवात जैसी घटनाएं घटते देर नहीं लगेगी । उन्होने सभी हिन्दुओं से आग्रह किया कि आप किसी भी हिन्दू संगठनों से जुड़कर सनातन धर्म का झंडा बुलंद करने का कार्य करें जब हिंदुत्व मजबूत होगा तो किसी अराजक तत्व की हिम्मत नहीं होगी की हिंदुओं के आस्था के साथ कोई खिलवाड़ कर सके। बैठक में मुख्य रूप से विजय शंकर शुक्ला, बिंदु गोपाल त्रिपाठी, अमरजीत सिंह, मुन्ना सिंह, अजय मिश्रा, राजकुमार उर्फ मंटू चौधरी, दीपक चौधरी, राहुल कमलापुरी, संदीप कमलापुरी, श्यामलाल गुप्ता, चंद्रेश पाठक, संजय तिवारी, अवधेश कुमार सोनी, मथुरा गुप्ता, अजय निषाद, अंजनी कुमार शुक्ला, मदन चंद, शुभम तिवारी, उमेश गुप्ता, हरकेश यादव, अमन वर्मा, सूरज सोनी, गणेश कसौधन, बजरंगी सोनी, सरबजीत कुमार, रवि प्रकाश सोनी, शरद सोनी आदि उपस्थित रहे।



# सचिव के विरुद्ध प्रधानों ने खोला मोर्चा

दैनिक बुद्ध का संदेश

संतकबीरनगर। मेहदावल विकास खंड के विसौवा क्लस्टर में तैनात सचिव के दुर्व्यवहार का मामला तूल पकड़ने लगा है। प्रधानों ने बैठक कर सचिव पर कार्रवाई की मांग की। इस दौरान प्रधानों ने खंड विकास अधिकारी को ज्ञापन सौंपा और चेताया कि अगर सचिव पर कार्रवाई नहीं हुई तो प्रधान विकास कार्य ठप कर देंगे। खंड विकास अधिकारी सुरेश कुमार मौर्य ने प्रधानों का ज्ञापन लेकर तत्काल सीडीओ को पत्र लिखकर सचिव को हटवाने का दिया आश्वासन। प्रधानों का यह भी आरोप है कि सचिव गंभीर बीमारियों से ग्रसित हैं इन्हें जिले पर अटैक कर दिया जाए ताकि सरकारी कामों में बाधा ना हो सके।

# महिला जागरूकता एवं जल संरक्षण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

दैनिक बुद्ध का संदेश

गोंण्डा। विकासखंड कटरा बाजार के ग्राम पंचायत अशोकपुर द्वारा सत्यनाम सेवा द्वारासामाजिक स्तर पर महिला सम्मान एवं महिला जागरूकता एवं जल संरक्षण संबंध में कार्यक्रम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम में स्वयं सहायता समूह की में महिलाओं को सम्मानित किया गया किया गया। सत्यनाम सेवा के सचिव राघवेंद्र मिश्रा ने कहा कि प्राचीन काल में जागरूकता के अभाव में विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं की अपनी पहचान नहीं बन पाई थी, लेकिन आज भी गरीबों की स्थिति उलटी है। समाज में महिला एवं पुरूष की समान भागीदारी है। ओमप्रकाश मिश्र फलाहारी बाबा कोटवा धाम ने कहा कि महिलाओं के लिए पुरुषों की सोच में सकारात्मकता और परिवार में सम्मान देना जरूरी है। समाज और देश में महिलाओं की भागीदारी के बिना हम कभी विकास नहीं कर सकते। श्री बिजय दुबे ने कहा कि परिवार से ही समाज और समाज से देश का निर्माण होता है इसलिए हमें अपने परिवार से ही महिलाओं का सम्मान की शिक्षा मिलेगी। आलोक कुमार सिंह रिंकू सिंह ने बताया कि संविधान में महिला पुरूष एवं महिला को समान अधिकार एवं अवसर दिये गये हैं। आज हमारी बेटियां उच्च स्तर पर शिक्षा प्राप्त कर अपना स्थान हासिल कर रही हैं। कार्यक्रम में बंदना स्वयं सहायता समूह, मां दुर्गा स्वयं सहायता समूह महिलाओं को विशेष रूप से सम्मानित किया गया है। साथ ही सभी महिलाओं को समाज एवं परिवार में योगदान का दर्जा दिया गया। इस अवसर पर सत्यनाम सेवा के अमित सिंह, शिवाकांत मिश्रा, सुमित शुक्ला, संजय, नीरज, राहुल दुबे सहित समाज के सभी साथी उपस्थित रहे।



# उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार संगठन का व्यापारी महासम्मेलन हुआ सम्पन्न

## इस अवसर पर व्यापर मण्डल के पदाधिकारियों को शपथ ग्रहण भी कराया गया








दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। महासम्मेलन को सम्बोधित करते हुए मुख्य अतिथि आबकारी मंत्री एवं उत्तर प्रदेश उद्योग व्यापार मण्डल संगठन के प्रदेश अध्यक्ष नितिन अग्रवाल उपस्थित व्यापारियों को सम्बोधित करते हुए कहा कि क्यों नही उत्तर प्रदेश का व्यापारी राजनीति में अपनी भागीदारी नही करता है। अब व्यापारियों को आगे आना होगा क्योंकि उत्तर प्रदेश ने 70 प्रतिशत व्यापारियों को नगर पालिका के चुनावों में भागीदारी सुनिशिचत कराकर व्यापारियों को मजबूत करने का कार्य हुआ है। हम व्यापारियों को राजनीति में भागीदारी बढाने का कार्य कर रहे हैं। जिससे व्यापारियों की बात राजनीतिक मंचो के माध्यम से सरकार तक पहुँचे। वर्तमान में व्यापारियों के मन मे डर नही है क्योंकि माफियाओं के कमर तोड़ने का कार्य उत्तर प्रदेश की योगी सरकार ने किया है। यूपी में जो कानून का उलंघन करेगा उसको जेल जाना पड़ेगा या उत्तर प्रदेश ही छोड़ के जाना पड़ेगा। उत्तर प्रदेश में जब समाजवादी की सरकार बनी पूरा पश्चिमी उत्तर प्रदेश दंगो से झुलस गया। समाजवादी सरकार में 800 दंगे उत्तर प्रदेश में हुए। माफियों को समाजवादी पार्टी ने खुली छूट दे रखी थी। उस समय व्यापारियों से रंगदारी वसूला जाती थी। व्यापारियों को परेशान किया जाता था, 2017 से पहले कानून व्यवस्था उत्तर प्रदेश में पूरी तरह ध्वस्त थी। आज हमारी सरकार बिना भेदभाव के कार्य कर रही है, हम सभी के हित की बात करते हुए प्रदेश को आगे ले जाने का कार्य उत्तर प्रदेश सरकार कर रही है। सभी वर्गों को मजबूत करने का कार्य योगी सरकार द्वारा किया जा रहा है। आज उत्तर प्रदेश में पिछले 6 वर्षों से चल रही योगी सरकार ने सबको सुरक्षा का एहसास दिलाया। हम सब व्यापारी वर्ग सुरक्षित माहौल में अपना कार्य कर रहे हैं। कोरोना पूरे विश्व मे महामारी आयी थी हम सब को समझ मे नही आ रहा था कि कैसे इसका बचाव किया जाय। लेकिन पूरे विश्व के नेताओ ने यह स्वीकार्य किया है सबसे अच्छा बचाव का प्रबंधन किसी देश ने बेहतर किया तो वो भारत ने किया है। आज प्रधानमंत्री मोदी पूरे विश्व स्तर पर सभी देशों में पॉपुलरटी है। जिस देश की जनसख्या 140 करोड़ हो उस देश के नेतृत्व ने उस देश की सरकार ने अपने देश का गौरव बढ़ाने का कार्य पूरे विश्व मे किया है। आज हमारा देश अर्थ व्यवस्था के हिसाब पांचवी सबसे बड़ी अर्थ व्यवस्था है। जी 20 को नेतृत्व करने का कार्य पहली बार अपने देश को मिला। आज मोदी जी के नेतृत्व में 80 करोड़ गरीबो को मुत राशन देने का कार्य कर रही है। बीच मे बिचौलियों को खत्म करने का कार्य मोदी सरकार ने किया है। आज सभी लोगो का विश्वास मोदी और योगी के प्रति है। व्यापारियों की समस्याएं जो भी रखी गई है उन सबको समाधान करने का प्रयास करूंगा। प्रदेश उपाध्यक्ष जगदीश अग्रहरि ने कहा कि व्यापारी समाज देश को चलाने में 70 फीसदी भागीदारी करता है लेकिन राजनीति में पिछड़ा है। व्यापारियों को राजनीति में आगे बढ़ कर देश का नेतृत्व करने के लिए आगे आना होगा। डुमरियागंज लोक सभा के सांसद जगदम्बिका पाल ने कहा कि व्यापारियों की समसयाओं को समाधान करने का आश्वासन प्रदेश अध्यक्ष द्वारा दिया गया है जिसका मैं पूरे व्यापारियों के तरफ से धन्यवाद ज्ञापित करता है। आज जिस तरह से प्रदेश के एक एक जनपद में जाकर व्यापारियों के समस्याओं का समाधान करने में प्रदेश अध्यक्ष जी लगे हुए हैं। उन्होंने कहा कि 5 ट्रिलियन डॉलर की अर्थ व्यवस्था में सिद्धार्थनगर की बहुत बड़ी भूमिका है। कालानमक चावल पर बोलते हुए सांसद जगदम्बिकाल ने कहा कि बासमती चावल के साथ कालानमक चावल को भी एक्पोर्ट में शामिल करें जिससे सिद्धार्थनगर अकेले एक ट्रिलियन डॉलर की साझेदारी कर सकेगा।



व्यापारियों की समस्या दूर होगी तो तभी विकास होगा। सिद्धार्थनगर में इंडस्ट्रियल एरिया का भी पहल हम करेंगे। भाजपा के जिला संयोजक कन्हैया पासवान व नपाध्यक्ष गोविंद माधव ने कहा कि व्यापारियों का उत्पीड़न इस सरकार में नहीं हो रहा है। व्यापारियों की हर सम्भव मदद की जाएगी। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिलाध्यक्ष अजय कसौधन तथा संचालन नितेश पाण्डेय ने किया। इस अवसर पर संरक्षक राणा प्रताप सिंह, बीएन प्रसाद, हरिराम मिश्रा, लक्ष्मी नारायण कसौधन, रेवती रमन, प्रदेश कार्यकारिणी सदस्य/जिला प्रभारी संजय कसौधन, वरिष्ठ महामंत्री प्रेम प्रकाश श्रीवास्तव, महामंत्री भीमचन्द्र कसौधन, वरिष्ठ उपाध्यक्ष कमलेश दूबे, उपाध्यक्ष शुभम श्रीवास्तव, राकेश दत्त त्रिपाठी, रामस्वरूप अग्रहरि, जिला मंत्री उमेश साहू, मो. हारुन, संगठन करूणेश जयसवाल, हृदय राम वर्मा, सह मिडिया प्रभारी सन्दीप मद्धेशिया, रणजीत कसौधन, जिला संयुक्त मंत्री शिवकुमार कसौधन, आशीष जयसवाल, धनेश वर्मा, विकास रस्तोगी, शिवेंद्र पाण्डेय, विजय वर्मा, अब्बास अली, रिज्वनुल्लाह, रंजू त्रिपाठी, यहिया सहित भारी संख्या में व्यापारी मौजूद रहे।

# छुट्टी पशुओं से परेशान है किसान प्रशासन बना मौन

दैनिक बुद्ध का संदेश

जोगिया, सिद्धार्थनगर। जोगिया चौराहे के पास छुट्टा पशु घूम रहे हैं किसान परेशान है और रोड पर आने जाने बाहन परेशान है आए दिन छुट्टा पशु एक बड़ी संख्या मे घुमते भी रहते हैं और खेतों मे जाकर चर रहे हैं लेकिन इस किसी की अधिकारी वा जनप्रतिनिधि ध्यान नही दे रहे हैं किसानों का काफी नुकसान हो रहा है और किसानों को दो तरफ से मारे जा रहे हैं किसानों ने बताया की ना ही बारिश हो रही है और दुसरे तरफ से छुट्टा पशु खेत को चर रहे हैं हम लोग दोनो तरह से मारे जा रहे हैं आए दिन छुट्टा पशु परेशान कर रहे हैं पुरी धान की फसल को नुकसान हो रहा है और ना ही नहरों मे पानी आ रहा है और रोड पर जामे हुए हैं इस से आने जाने वाले बाहन को दिक्कत हो रही है और दुर्घटना का भी सम्भावना बना रहता है और रोड पर छुट्टा पशु रहने से मोटरसाइकिल सवारो को अपने गाड़ी को किनारे से लेकर कर जाना पड़ता है और बड़ी बहन को रोकना पड़ा है और वही पर बारिश ना होने से फसलों को नुकसान हो रहा है अगर बारिश हो जाती तो हम किसानों के ऊपर भगवान का आशीर्वाद मिल जाता और हम लोगों का पेट पर्दा चलते और हमारे बाल बच्चों के लिए अच्छा होता 1– किसान सहदेव निवासी जोगिया ने कहा कि जब से हम लोगों की बारिश और छुट्टा पशु से हम लोग बहुत परेशान हैं खेतों मे छुट्टा पशु जा कर चर रहे हैं इस बहुत नुकसान हो रहा है 2–किसान रामनेवार शर्मा निवासी कोरापार ने कहा कि खेतों मे जाकर पशु फसलों को नुकसान कर रहे हैं इस जिम्मेदार मौन है बारिश और पशु से बहुत ज्यादा समस्या हो रहा है 3–किसान राम किशोर लोधी निवासी ने कहा कि हम किसानों का बहुत नुकसान हो रहा है और नहर से पानी भी नही आ रहा किसी तरह हम लोगों खेतों मे पानी चलाकर फसलों को उगा रहे हैं 4–किसान रामकुमार निवासी मदुरा ने कहा कि खेतों को बहुत नुकसान हो रहा है बारिश ना होने से खेत मे सुखा पड़ा हुआ है और पशु भी जा कर नुकसान कर रहे हैं इस कोई अधिकारी ध्यान नही दे रहे हैं सहायक विकास अधिकारी जोगिया ओम प्रकाश चौधरी ने बताया की जहां पर छुट्टा पशु दिखेगे उस गौशाला भिजवाया जाएगा













# बुलडोजर बाबा की सरकार में कोई भी अपराधी बक्शा नही जायेगा:राघवेन्द्र प्रताप सिंह

दैनिक बुद्ध का सन्देश

डुमरियागंज, सिद्धार्थनगर। पथरा थाना क्षेत्र में शनिवार को दो नाबालिग बच्चों के साथ हुए अमानवीय घटना के मामले में हिन्दू युवा वाहिनी के प्रदेश प्रभारी व पूर्व विधायक राघवेंद्र प्रताप सिंह अपने समर्थकों के साथ घटनास्थल पर पहुंचे। उन्होंने घटना की निंदा करते हुए घटना को बर्बरतापूर्ण व तालिबानी मानसिकता वाली हरकत बताया हैं। उन्होंने बताया की ऐसे जघन्य .त्य करने वाले लोगों के लिए पुलिस सख्त से सख्त कार्यवाही कर ही रही हैं, पर आमजन को ऐसे .त व लोगों की निंदा व सामाजिक वहिष्कार करना चाहिए। उन्होंने जनपद के पुलिस की प्रशंसा करते हुए कहा कि पुलिस ने 7 अपराधियों को पकड़ लिया हैं। उन्होंने कहा की जब तक प्रदेश में योगी आदित्यनाथ की सरकार है कोई भी अपराधी बख्शा नही जायेगा। उन्होंने जिला प्रशासन व पुलिस के लोगों से सख्त से सख्त कार्यवाही करने की मांग की हैं। उन्होंने पूर्व की सरकारों पर टिप्पणी करते हुए बताया कि पूर्व की सरकारों के समय में तुष्टिकरण की राजनीति के चक्कर में अपराधियों पर कार्यवाही नही की जाती थी, जिससे प्रदेश में आतंक व भय का राज था, किन्तु बुलडोजर बाबा योगी आदित्यनाथ के भाजपा सरकार में अपराध और अपराधी दोनों समाप्त हो गए हैं और प्रदेश में सुशासन कायम हैं। इस दौरान नरेंद्रमणि त्रिपाठी, लवकुश ओझा, मधुसूदन अग्रहरि, चंद्र प्रकाश चौधरी, प्रेम पाण्डेय, विवेक सिंह, कमलेंद्र त्रिपाठी आदि मौजूद रहे।



# डॉक्टर ने किया पथरी का ऑपरेशन अंदर छोड़ा पट्टी, विवाहिता की हुई मौत

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका बाजार सिद्धार्थनगर। मुकामी थाना क्षेत्र के गौरा गांव के निवासी तकसीम ने थाने पर तहरीर देकर कस्बा के एक प्राइवेट अस्पताल नवजीवन पर अपनी पुत्री का गलत तरीके से पथरी का आपरेशन करने का आरोप लगाया है। जिस वजह से उसकी जान चली गई। पीड़ित ने पुलिस से कार्यवाही की मांग की है तकसीम ने अपने पुत्री मदीना खातून (26 वर्ष )का ऑपरेशन नवजीवन अस्पताल उसका बाजार में पित्त की थैली में पथरी का ऑपरेशन कराने 11 जुलाई को लेकर गया था अस्पताल में मौजूद डॉक्टर ने पथरी का ऑपरेशन किया और अंदर पट्टी छोड़ दिया 14 जुलाई को डॉक्टर घर जाने के लिये कहे और पट्टी बदलने को कहा गया जब कुछ दिन बीत गया तो अचानक से दर्द उठा और ऑपरेशन के स्थान पर मवाद बनना शुरू हो गया जिसके बाद अपने लड़की को शोहरतगढ स्थित असरफ मेमोरियल हॉस्पिटल ले जाया गाय तो वहा पट्टी निकाला गया तब जाके तकसीम को जानकारी हुआ और विवाहिता की मृत्यु हो गई। जिसके बाद से मौत होने की सोचना जैसे परिवार को मिलती है तो कोहराम सा मच गया ।पुलिस ने तहरीर के आधार पर शव को पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेजा गया। थानाध्यक्ष दिनेश कुमार सरोज ने कहा है कि संबंधित मामले की तहरीर मिली है जिसके आधार पर मुकदमा पंजी.त किया गया है। शव को पीएम में भेज दिया गया है। पीएम रिपोर्ट आने पर जांच करके कार्यवाही की जाएगी।

# ग्रामीण विद्युत आपूर्ति की दशा बदहाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

उसका, सिद्धार्थनगर। 132 सब स्टेशन उसका बाजार से पिछले कई सप्ताह से ग्रामीण विद्युत आपूर्ति की दशा काफी बदहाल है। हल्की बरसात अथवा हवा बहने पर पूरी रात बिजली कट जा रही है। तेज धूप, उमस एवम गर्मी के इस दौर में उपभोक्ताओं को काफी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। शनिवार शाम को हल्की बरसात होने के बाद पूरी रात बिजली गायब रही। उसका बाजार फीडर से क्षेत्र के अजिगरा, ताल बगहिया, नौखनिया, कर्मा, लक्षनपुर, केक्टलिया, सुगही, कोल्हुआ, ऊंटापार, ऊटिया, खैरा, सरौली, बहेरवा, लोहरपुरवा, बिंदेसरपुर आदि दर्जनों गांव की आपूर्ति मौसम की जरा सा प्रतिकूलता में लम्बे समय तक गायब हो जा रहा है। क्षेत्रीय नागरिक प्रेम नारायन दूबे, हरिशंकर दूबे, चंद्रप्रकाश दूबे, सुभाष यादव, मंटू पाण्डेय, नरसिंह पाण्डेय आदि लोगो ने बिजली की दशा में सुधार करने की मांग किया है।

# विभिन्न मांगो व उनके समाधान हेतु सांसद से मिला शिक्षक प्रतिनिधिमंडल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। राष्ट्रीय शैक्षिक महासंघ के जिलाध्यक्ष आदित्य



शुक्ल के नेतृत्व में शिक्षकों का समूह सांसद डुमरियागंज जगदंबिका पाल से मिला और एक दशक से बाधित पदोन्नति, तथा अन्तर्जनपदीय स्थानांतरण, जिले के अंदर समायोजन, शिक्षक विधायक के निर्वाचन में मताधिकार देने आदि के मुद्दों पर अपनी बात रखी। सांसद ने सचिव प्रताप सिंह बघेल से सभी समस्याओं के ससमय समाधान हेतु फोन पर वार्ता की। जो की सचिव के द्वारा समस्याओं के निस्तारण का पूर्ण आश्वासन भी दिया गया। माननीय सांसद जी ने उपस्थित शिक्षकों को भोजन कराया और आश्वस्त किया कि वे इन मुद्दों पर अपनी नजर बनाए हुए हैं इनका समाधान जल्द होगा। इस दौरान अभय सिंह, जे०पी० गुप्ता, आनंद पांडेय, अंजनी झा, राकेश पांडेय, संतोष पाण्डेय, आशीष पांडेय, सुरेंद्र गुप्ता, विजय भास्कर, अनुराग वर्मा, मनोज द्विवेदी, राम सिंह पाल, रामराज पांडेय, मुक्तिनाथ, प्रतिभा त्रिपाठी, रेनू मणि, सुषमा सहित अन्य शिक्षक एवं शिक्षिका उपस्थित रहें।

# सम्पादकीय

**बेंगलुरू एएआर ने अपने फैसले में कहा कि हॉस्टल और पीजी कमरों को आवासीय परिसर नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां अपरिचित लोग एक साथ रहते हैं और हर महीने प्रति बिस्तर के आधार पर बिल बनाए जाते हैं। इसी तरह हॉस्टल चलाने वाली नोएडा स्थित एक कंपनी ने लखनऊ एएआर से कहा था कि वो आवासीय सेवाएं ...**

## यह तो बेरहमी है




महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को हॉस्टल/पीजी कमरों पर लगे टैक्स से जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत पुर्विचार करना चाहिए। जिस देश में उच्चतर शिक्षा पहले से समस्याग्रस्त स्थिति में हो, वहां आम छात्रों के लिए उसे महंगा बनाना किस रूप में तार्किक नीति हो सकती है, इसे समझना कठिन है। हाल में कई विश्वविद्यालयों में फीस में हुई भारी बढ़ोतरी के बाद अब खबर है कि हॉस्टलों और पीजी कमरों पर 12 प्रतिशत जीएसटी भी लगा दिया गया है। महंगाई के इस दौर में जब आम परिवारों की वास्तविक पहले से घट रही है, गरीब और मध्यम वर्ग के परिवारों को इस टैक्स का बोझ भी उठाना होगा। इसलिए सरकार को इससे जुड़े तमाम पहलुओं पर तुरंत विचार करना चाहिए। वरना, यह कर लगाना एक तरह की बेरहमी समझा जाएगा। सरकार कह सकती है कि यह निर्णय जीएसटी काउंसिल के अथॉरिटी ऑफ एडवांस्ड रूलिंग (एएआर) ने दिया है। उसकी दो अलग–अलग बेंचों ने इस मामले में एक जैसे फैसले दिए हैं। इसके तहत नया टैक्स प्रभावी हुआ है। तो अब किसी हॉस्टल या पीजी (पेइंग गेस्ट) कमरे का किराया अगर 10 हजार रुपये था, तो अब यह 11,200 रुपये हो जाएगा। जिन दो मामलों में ये फैसले आए, उनमें एक बेंगलुरु बेंच का है। एक याचिका में बेंच से महिलाओं के लिए हॉस्टल और पीजी सेवायें चलाने वाली एक कंपनी ने अपील की थी कि निजी हॉस्टलों को आवासीय परिसरों की ही श्रेणी में डाला जाए और उन पर जीएसटी ना लगाया जाए। आवासीय परिसर को किराए पर देने पर उन पर जीएसटी नहीं लगता है। बेंगलुरु एएआर ने अपने फैसले में कहा कि हॉस्टल और पीजी कमरों को आवासीय परिसर नहीं माना जा सकता, क्योंकि वहां अपरिचित लोग एक साथ रहते हैं और हर महीने प्रति बिस्तर के आधार पर बिल बनाए जाते हैं। इसी तरह हॉस्टल चलाने वाली नोएडा स्थित एक कंपनी ने लखनऊ एएआर से कहा था कि वो आवासीय सेवाएं देती है, इसलिए उससे जीएसटी नहीं वसूला जाए। लेकिन इस मामले में भी एएआर इस तर्क को स्वीकार नहीं किया। लेकिन इन फैसलों का सीधा असर हॉस्टलों और पीजी कमरों में रहने वाले छात्रों पर पड़ेगा। क्या इसे शिक्षा को हतोत्साहित करने वाला निर्णय नहीं माना जाना चाहिए?

## प्रेम, आनंद और उल्लास का प्रतीक आकर्षक पर्यटन स्थल मांडू



उज्जैन में महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग का दर्शन करने आए तो मांडू भी जरूर जाएं। 10 वीं शताब्दी में इतिहास प्रसिद्ध राजा भोज द्वारा स्थापित मांडू प्रेम, आनद तथा उल्लास का प्रतीक एक अत्यंत आकर्षक पर्यटन स्थल है। प्रा.तिक मनोरम छटा से आच्छादित विंध्याचल पर्वत की अंतिम श्रृंखला में मालवा क्षेत्र के अंतर्गत स्थित मांडू मध्ययुगीन भव्य स्मारकों की एक कड़ी है जहां हिंदू और मुस्लिम वास्तु शिल्प का अनोखा संगम देखा जा सकता है। मांडू धार से 35 किलोमीटर दूर मोहक प्रा.तिक सौंदर्य से परिपूर्ण समुद्र तल से 633.7 मीटर ऊंची पहाड़ी पर स्थित है। बारिश के दिनों में मांडू की सुन्दरता दर्शनीय होती है। ऐतिहासिक प्रमाणों के अनुसार 946 ईस्वी में प्रतिहार वंश के राजा महेंद्रादित्य ने अपने खास श्री शर्मन को मांडपीक ( मांडव दुर्ग ) में प्रशासन सम्हालने के लिए नियुक्त किया था। मांडू परमार वंश के राजाओं  राजा मुंजदेव और राजा भोज की रमणीय स्थली रही है। आप यहां के संग्रहालय में जाइए तो शिव और गणेश जी की मूर्ति के साथ हनुमान जी और विष्णु भगवान की मूर्तियां दिखलाई पड़ती हैं जो ग्यारहवीं और बारहवीं शताब्दी की हैं। ये मूर्तियां यहां के सनातनी आस्था और विश्वास की कहानियों को बतलाती हैं। कालांतर में अनेक मुगल राजाओं ने यहां के ऐश्वर्य को क्षतिग्रस्त किया। मुगल राजा अकबर द्वारा मांडू पर्यटन का उल्लेख मिलता है। तुजुके जहांगीरी में जहांगीर के अनुसार उसके पिता को मांडू विजय करने में लंबा समय लगा , इस कारण उसने यहां भारी नुक्सान पहुंचाया। फिलहाल आज भी मांडू में रानी रूपमती और बाज बहादुर के प्रेम प्रसंगों की अनूठी दास्तान मांडू के अवशेष महलों में आज भी व्याप्त है। रानी रूपमती के संगीत की स्वर लहरियों में बाज बहादुर झूम उठता था। बाज बहादुर मुगल बादशाह अकबर के गायकों की सूची में शामिल था। फिलहाल यहां के किले सैलानियों के आकर्षण का केंद्र हैं।

लेखक विनय कांत मिश्र/दैनिक बुद्ध का संदेश

## गैर जिम्मेदारी की पराकाष्ठा

**तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें– उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक...**

मेवात दंगों में झुलस रहे हरियाणा के मुख्यमंत्री मनोहरलाल खट्टर के उस बयान को गैरजिम्मेदारी की पराकाष्ठा ही माना जायेगा जिसमें उन्होंने कहा है कि श्सरकार सभी लोगों की सुरक्षा की जिम्मेदारी नहीं ले सकती।श प्रदेश की कानून–व्यवस्था के मामले में नाकाम और लाचार दिखलाई पड़ रहे श्री खट्टर का बयान उनकी जनसुरक्षा के प्रति घोर लापरवाही को भी दर्शाता है जो राज्य के नागरिकों के प्रति बुनियादी कर्तव्य है। मुख्यमंत्री खट्टर ने बुधवार को साफ कहा कि श्इसके लिए हमें माहौल को सुधारना पड़ेगा। हर व्यक्ति की सुरक्षा न पुलिस कर सकती है, न ही सेना कर सकती है। इसके लिए सामाजिक सद्भाव ठीक करना पड़ेगा।श्वे तो यहां तक कह गये कि श्किसी भी देश में आप चले जाएं हर आदमी की सुरक्षा वहां की पुलिस नहीं कर सकती पर इसके लिए वैसा माहौल बनाना पड़ता है।श वैसे वे यह भूल गये कि सामाजिक सद्भाव को ठीक करना भी सरकार की ही जिम्मेदारी होती है। मुख्यमंत्री का बयान स्तब्धकारी तो है लेकिन वह भारतीय जनता पार्टी की प्रशासन पद्धति के अनुरूप है जो हर अच्छी बात का श्रेय लेने में तो पीछे नहीं रहती परन्तु किसी भी असफलता से पल्ला झाड़ लेती है। पिछले 9 वर्षों से अधिक समय तक केन्द्र में सरकार चलाने वाले प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सम्भवतरू भाजपा प्रशासित सारे राज्यों के मुख्यमंत्रियों के लिये प्रेरणा स्रोत हैं। देश के अपूर्ण लक्ष्यों के लिये अपने पूर्ववर्ती प्रधानमंत्रियों को सभा–सम्मेलनों में दोषी ठहराने वाले मोदी अपनी नाकामियों पर या तो चुप्पी साध लेते हैं अथवा उनका ठीकरा विपक्ष पर फोड़ते हैं। भाजपा सरकार का एक दशक का इतिहास अनेकानेक असफलताओं की जिम्मेदारियों से भागने या उनका दोषी दूसरों को बताने का रहा है। इसी का अनुसरण भाजपा की राज्य सरकारें करती हैं। नोटबन्दी और जीएसटी जैसे अविवेकपूर्ण निर्णयों से हुई देश की बदहाली का उत्तरदायी कोई नहीं है। यहां तक कि यह निर्णय किस प्रक्रिया के तहत लिया गया, यह भी अब तक अज्ञात है। कोरोना काल में ऑक्सीजन, दवाओं, बिस्तरों के अभाव में हुई लाखों लोगों की मौत का उत्तरदायी कौन है, यह सवाल भी अब तक अनुत्तरित है। भाजपा की जिन राज्यों में सरकारें हैं वहां टूटती सड़कें और गिरते पुलों का जिम्मेदार कौन है, इसका जवाब ढूंढ़े से भी नहीं मिलेगा। उन राज्यों में होने वाली भगदड़ों से मरने वालों का जिम्मेदार भी कोई नहीं होता। भरी गर्मी में होने वाली आम सभाओं में दर्जनों लू से मर जाएं या बीमार हो जायें तो भी किसी व्यक्ति, अफसर, विधायक मंत्री या सरकार को दोषी नहीं ढहराया जा सकता क्योंकि यदि ऐसा किया भी गया तो बचाव में पूरी ट्रोल आर्मी उतर आती है। एक नहीं, सैकड़ों ऐसे मामले हो चुके हैं जिनमें दोषी या अपराधी सामने दिखता है परन्तु वह महफूज रहता है। इसका कारण यही है– उत्तरदायित्वहीनता। हाल की कुछ घटनाएं भी इसी गैर जिम्मेदाराना रवैये की मिसालें हैं। मणिपुर की बात करें तो यहां पिछले कुछ वर्षों से आग सुलग रही थी। कुकी एवं मैतेइयों के बीच चल रही हिंसक झड़पों को पूरी तरह से वहां की सरकार और केन्द्र ने नजरंदाज ही नहीं किया वरन एक पक्ष के साथ खड़े होकर आग को भड़कने दिया। वहां अल्पसंख्यक कुकी लोगों को मारा गया, चर्च जलाये गये परन्तु डबल इंजन की सरकार चुप रही। मामला पहले तो विदेश तक पहुंचा और जब अमेरिका में बड़ी मजबूरी में प्रेस के सामने गये मोदी से इस बाबत प्रश्न किये गये तो उन्होंने यह बताने की बजाय कि उनकी सरकार स्थिति को सुधारने के लिये क्या कर रही है, यह समझाते रहे कि श्लोकतंत्र भारत के डीएनए में है।

उन्हें तो यह बतलाना चाहिये था कि दुनिया का सबसे बड़ा लोकतंत्र अपने अल्पसंख्यकों की सुरक्षा व विकास के लिये क्या कर रहा है। देश के इतिहास के भीषणतम दंगों में से एक कहे जाने वाले घटनाक्रम के दौरान का 4 मई का वह वीभत्स वीडियो जब देश–दुनिया के सामने आया तो भी राज्य या सरकार का कोई व्यक्ति सामने नहीं आया। वहां के मुख्यमंत्री एन बीरेन सिंह ने वैसे ही दिखावे का प्रकटीकरण करते हुए सार्वजनिक तौर पर अपना इस्तीफा दिया व प्रायोजित तरीके से एक समर्थक द्वारा फड़वाकर जेब में रख लिया, जैसे मोदी जी ने चलते सत्र में संसद के भीतर बयान देने की बजाय बाहर आकर 36 सेकंड का वक्तव्य दिया जिसमें उन्होंने अपने क्रोध व पीड़ा का इजहार किया था। उसके बाद से आज तक संसद बार–बार विपक्ष की इस मांग को लेकर ठहर रही है कि पूरे घटनाक्रम पर विस्तृत चर्चा हो, लेकिन सत्ता दल इंकार कर रहा है और प्रधानमंत्री राजस्थान में सभाएं कर रहे हैं। तो गृह मंत्री अमित शाह भी बराबरी के जिम्मेदार हैं वे कानून–व्यवस्था सुधारने की बजाय मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़ में अगले चुनाव की तैयारी बैठकें कर रहे हैं। उलटे, संसद में गतिरोध के लिये भी वे मानते हैं कि विपक्ष ही जिम्मेदार है। अलबत्ता, जहां विपक्षी दलों की सरकारें हैं वहां एक चींटी भी मरे तो पूरी भाजपा, उनके समर्थक, मीडिया को क्षण भर में पता चल जाता है। तभी तो मणिपुर की घटनाओं की तुलना जब अन्य राज्यों से की गई तो सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश ने केन्द्र को जमकर फटकार लगाई। वैसे केन्द्र की हो या भाजपा की राज्य सरकारें– उन्हें इन सबका रत्ती भर फर्क नहीं पड़ता। इसलिये आश्चर्य नहीं होना चाहिये जब खट्टर जैसे सीएम साफ कर देते हैं कि सभी लोगों को सुरक्षा नहीं दी जा सकती। यह दीगर बात है कि ये उन्हीं मोदी के सबसे विश्वासपात्र लोगों में से एक हैं जो पीएम बनने के पहले कहते थे कि श्मैं हर बात के लिये एकाउंटेबल रहूंगा। एक बच्चा भी मुझसे सवाल कर सकता है और मैं जवाब दूंगाश

## जाति जनगणना का मुद्दा वापस लौटा

**ओबीसी की कुल आबादी में उनकी जाति सबसे बड़ी आबादी वाली जाति होगी लेकिन उनसे बहुत ज्यादा आबादी अति पिछड़ी जातियों की होगी, जिनका अखिल भारतीय स्तर पर प्रतिनिधित्व करने वाला कोई नेता नहीं है। अगर नीतीश कुमार जातियों की गिनती और सामाजिक व आर्थिक स्थिति का आंकड़ा हासिल करने के बाद उसके आधार पर बिहार में एक मॉडल बना कर दिखाते हैं तो विपक्ष का ...**

अजीत द्विवेदी

जातियों की गिनती, सामाजिक न्याय और आरक्षण की गेमचेंजर राजनीतिक मुद्दे के तौर पर वापसी हो गई है। और इसके साथ ही बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की राजनीति को भी संजीवनी मिल गई है। पटना हाई कोर्ट द्वारा राज्य में जातियों की गिनती की मंजूरी दिए जाने के साथ ही राजनीतिक खेल बदल गया है। अभी ज्यादा दिन नहीं बीते, जब बेंगलुरू में हुई विपक्षी पार्टियों की बैठक के बाद नीतीश कुमार और लालू प्रसाद दोनों बहुत निराश लौटे थे। उनको लगा था कि कांग्रेस ने विपक्षी गठबंधन को हाईजैक कर लिया है। गठबंधन का नाम तय करने से लेकर समन्वय समिति बनाने और राजनीतिक एजेंडा तय करने तक में दोनों नेताओं की भूमिका सीमित हो गई थी। गठबंधन की पहल कांग्रेस, तृणमूल कांग्रेस और आम आदमी पार्टी के हाथ में चली गई दिख रही थी। लेकिन पटना हाई कोर्ट के फैसले ने नीतीश कुमार और लालू प्रसाद की मंडल 2.0 की राजनीति में जान फूंक दी है। बिहार में जनवरी में जातीय गणना शुरू हुई थी और पहला चरण पूरा होने के बाद हाई कोर्ट ने इस पर रोक लगा दी थी। हाई कोर्ट में इसके खिलाफ जो याचिकाएं दायर की गई थीं, उनमें कहा गया था कि जनगणना कराना विशुद्ध रूप से केंद्र सरकार का काम है और कोई भी राज्य अपने से जनगणना नहीं करा सकती है। इस आधार पर हाई कोर्ट ने जातीय गिनती पर अंतरिम रोक लगा दी थी। बाद में बिहार सरकार सुप्रीम कोर्ट पहुंची तो सर्वोच्च अदालत ने हाई कोर्ट के आदेश में दखल देने से इनकार कर दिया। अब हाई कोर्ट ने इस पर विस्तार से सुनवाई के बाद सारी याचिकाओं को खारिज कर दिया है और जातीय गिनती और सामाजिक व आर्थिक सर्वे कराने का राज्य सरकार का अधिकार स्वीकार किया है। इस फैसले के बाद दूसरे चरण की गिनती का काम शुरू हो गया है। जातियों की गिनती कराने के दो स्पष्ट राजनीतिक फायदे हैं। पहला तो यह है कि देश में जनगणना नहीं हुई है, ऐसे में बिहार में जातियों की गिनती होती है तो सत्तारूढ़ गठबंधन के नेता दावा कर सकते हैं कि वे नागरिकों की जरूरतों को लेकर ज्यादा संवेदनशील हैं और वे इसलिए गिनती करा रहे हैं ताकि संख्या के हिसाब से हर समूह को हिस्सेदारी मिले और उनके हितों की योजना बनाई जा सके। ध्यान रहे हर 10 साल पर होने वाली जनगणना 2021 में होने वाली थी, जो नहीं हुई है। पहले कोरोना वायरस की महामारी के कारण जनगणना रूकी और उसके बाद राजनीतिक कारणों से इसे टाल दिया गया। अब यह स्पष्ट है कि 2024 के लोकसभा चुनाव से पहले जनगणना नहीं होगी। इसे लेकर दुनिया भर के जानकार सवाल उठा रहे हैं क्योंकि केंद्र सरकार के सारे फैसले और सारी नीतियां 2011 की जनगणना के आंकड़ों पर आधारित हैं। पिछले 12 साल से ज्यादा समय में आबादी के आंकड़ों में बड़ा बदलाव आया है और साथ ही अलग अलग समूहों की सामाजिक व आर्थिक स्थितियों में भी बदलाव आया है। इसलिए ताजा आंकड़ों के बगैर बनाई गई कोई भी नीति बहुत कारगर नहीं हो सकती है। सो, बिहार में सत्तारूढ़ राजद और जदयू के नेता केंद्र सरकार को पिछड़े, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समूहों की जरूरतों और आकांक्षाओं के प्रति असंवेदनशील बता कर खुद की वाहवाही कर सकते हैं। दूसरा फायदा यह है कि जातियों का वास्तविक आंकड़ा सामने आने के बाद एफर्मेटिव एक्शन यानी आरक्षण की राजनीति को नई धार मिल सकती है। ध्यान रहे नब्बे के दशक में मंडल आयोग की रिपोर्ट लागू होने के बाद जो राजनीति शुरू हुई थी उसका प्रतिनिधित्व करने वाले सिर्फ दो ही लोग बचे हैं। वीपी सिंह से लेकर मुलायम सिंह यादव, शरद यादव, जॉर्ज फर्नांडीज जैसे तमाम नेताओं का निधन हो गया है। अब मंडल मसीहा के तौर पर सिर्फ लालू प्रसाद और नीतीश कुमार सक्रिय राजनीति में हैं। भाजपा की कमंडल यानी मंदिर और हिंदुत्व की राजनीति के बरक्स मंडल की राजनीति का स्वाभाविक प्रतिनिधित्व ये दोनों नेता करेंगे। इस आशंका में ही बिहार भाजपा के नेता हाई कोर्ट के फैसले का स्वागत कर रहे हैं। बहरहाल, बिहार में जातियों का वास्तविक आंकड़ा मिलने के बाद आरक्षण की राजनीति का दूसरा दौर शुरू होगा, जिसमें आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी देने की पहल होगी। यह मंडल 2.0 की राजनीति होगी, जिसका एक दौर राज्यों में चल रहा है। झारखंड से लेकर छत्तीसगढ़ तक आरक्षण बढ़ाने का फैसला हुआ है। इंदिरा साहनी केस में सुप्रीम कोर्ट की ओर से तय की गई 50 फीसदी अधिकतम आरक्षण की सीमा टूट गई है। राज्यों में 75 फीसदी या उससे भी ज्यादा आरक्षण के कानून बने हैं। पिछले दिनों कर्नाटक के चुनाव में जब मुसलमानों का चार फीसदी आरक्षण बहाल करने का वादा कांग्रेस ने किया तो भाजपा ने पूछा था कि क्या वह इसके लिए वोक्कालिगा और लिंगायत को मिला अतिरिक्त आरक्षण समाप्त करेगी? इसके जवाब में कांग्रेस ने कहा था कि किसी के आरक्षण में कटौती करने की जरूरत नहीं है क्योंकि सरकार आरक्षण बढ़ाएगी और उसे 75 फीसदी तक ले जाएगी। ध्यान रहे अभी तक जातियों की संख्या के बारे में 1931 की जनगणना के आधार पर अंदाजा लगाया जाता है। उसके मुताबिक देश की कुल आबादी में ओबीसी जातियों का हिस्सा 54 फीसदी के करीब है। इसी आंकड़े के आधार पर उनको इसका आधा यानी 27 फीसदी आरक्षण दिया गया था। नए आंकड़ों से इस संख्या की पुष्टि होने के बाद उनके लिए आरक्षण बढ़ाए जाने की बात होगी। तब भाजपा के लिए धर्मसंकट की स्थिति होगी क्योंकि जातियों का उभार हिंदुत्व के नाम पर बनाई जा रही एकजुटता को तोड़ेगा। कांग्रेस और विपक्षी गठबंधन श्इंडियाश् की बाकी पार्टियां पहले ही इस बात को स्वीकार कर चुकी हैं। नीतीश कुमार के साथ पहली मुलाकात के बाद ही राहुल गांधी को यह आइडिया पसंद आ गया था। तभी उन्होंने कर्नाटक में कांग्रेस का अभियान शुरू करते हुए जातीय जनगणना का समर्थन किया था और आबादी के अनुपात में हिस्सेदारी की वकालत की थी। विपक्षी गठबंधन श्इंडियाश् में शामिल लगभग सभी पार्टियां इस विचार से सहमत हैं। अगले लोकसभा के लिए विपक्ष का जो साझा न्यूनतम कार्यक्रम बनेगा उसमें जातीय जनगणना और आबादी के अनुपात में आरक्षण का वादा मुख्य होगा। विपक्ष के इस वादे पर भरोसा बनाने वाला चेहरा नीतीश कुमार का हो सकता है। इसका कारण यह है कि इस राजनीति का सबसे भरोसेमंद और परिपक्व चेहरा उनका है। लालू प्रसाद सक्रिय राजनीति से दूर हो चुके हैं और मुलायम सिंह व शरद यादव का निधन हो गया है। इसलिए मंडल मसीहा के तौर पर नीतीश का चेहरा विपक्षी की बड़ी पूंजी है। नीतीश के साथ एक दूसरा फायदा यह है कि वे अति पिछड़ी जातियों के प्रतिनिधि के रूप में ज्यादा स्वीकार्य हैं। ध्यान रहे लालू प्रसाद और तेजस्वी यादव हों या अखिलेश यादव हों ये ओबीसी की सबसे दबंग जाति का प्रतिनिधित्व करते हैं।



# ऑस्ट्रेलिया ओपनः बैडमिंटन टूर्नामेंट में चीन के वेंग होंग यांग से हारे एचएस प्रणय

सिडनी। भारत के एचएस प्रणय को रविवार को यहां ऑस्ट्रेलिया ओपन सुपर 500 बैडमिंटन टूर्नामेंट के पुरुष एकल के फाइनल में चीन के वेंग होंग यांग से तीन गेम तक चले रोमांचक मैच में हार का सामना करना पड़ा। केरल के रहने वाले 31 वर्षीय प्रणय ने पहला गेम गंवाने के बाद अच्छी वापसी की लेकिन निर्णायक गेम में वह पांच अंक की बढ़त का फायदा नहीं उठा पाए और विश्व में 24वें नंबर के खिलाड़ी वेंग से 9–21, 23–21, 20–22 से हार गए। कोरिया ओपन (2022) और चीन ओपन (2019) का खिताब जीतने वाले यांग ने इस जीत के साथ ही मलेशिया मास्टर्स के फाइनल में इस भारतीय खिलाड़ी के खिलाफ मिली हार का बदला भी चुकता कर लिया। इन दोनों खिलाड़ियों के बीच इससे पहले केवल एक मुकाबला हुआ था।

प्रणय ने उस मैच में तीन गेम में जीत दर्ज करके मलेशिया




मास्टर्स का खिताब जीता था। प्रणय ने इस सत्र में आठ में से छह मैचों में शुरुआती गेम में शिकस्त का सामना करने के बाद जीत दर्ज की है। उन्होंने इस टूर्नामेंट के क्वार्टर फाइनल में विश्व रैंकिंग में दूसरे स्थान पर काबिज एंथोनी गिंटिंग के खिलाफ भी पहला गेम गंवाने के बाद जीत दर्ज की थी। पहले गेम को आसानी से गंवाने वाले विश्व रैंकिंग में नौवें स्थान पर काबिज प्रणय के पास निर्णायक गेम में पांच अंक (19–14) की बढ़त थी लेकिन वेंग ने शानदार वापसी करते हुए जीत दर्ज की। प्रणय ने मैच में अच्छी शुरुआत की लेकिन वेंग ने दमदार स्मैश से स्कोर 6–6 कर दिया। चीन के खिलाड़ी ने इसके बाद दबदबा बनाते हुए 12 गेम प्वाइंट हासिल किये और प्रणय ने शटल को नेट पर खेल कर उनका काम आसान कर दिया। पहले गेम को बड़े अंतर से गंवाने के बाद दूसरे गेम की शुरुआत में भी प्रणय 0–3 से पिछड़ने के बाद दबाव में थे। उन्होंने हालांकि शानदार वापसी करते हुए स्कोर को 2–4 और फिर 7–7 किया। ब्रेक के समय उनके पास 11–8 की बढ़त थी। चीन ने खिलाड़ी ने ब्रेक के बाद बैकलाइन के शानदार इस्तेमाल से स्कोर को 15–15 किया। उन्होंने प्रणय के शरीर पर स्मैश लगाकर एक बार फिर 19–19 से बराबरी की। वेंग ने यहां 'मेडिकल टाइम आउट' लिया और वापसी के बाद भी प्रणय को कड़ी टक्कर देते हुए स्कोर को 21–21 किया। प्रणय ने हालांकि इसके बाद लगातार दो अंक के साथ मुकाबला जीत लिया। प्रणय ने तीसरे गेम में भी लय बरकरार रखते हुए 6–3 की बढ़त ली। उनकी यह तीन अंक की बढ़त ब्रेक के समय भी जारी रही। वेंग की गलतियों का फायदा उठाते हुए प्रणय ने 15–9 की बढ़त बनायी लेकिन चीन के खिलाड़ी इस छह अंक के अंतर को तीन अंक (17–14) कर दिया। प्रणय ने शानदार स्मैश लगाकर स्कोर को 19–14 किया। वेंग ने इसके बाद लगातार तीन अंक जीते। उन्होंने प्रणय के साथ 71 शॉट के रैली को जीतने के बाद स्को को 18–19 और फिर 19–19 कर दिया। प्रणय ने इसके बाद नेट के शानदार इस्तेमाल से चौम्पियनशिप प्वाइंट जीतने का मौका बनाया लेकिन किस्मत ने वेंग का साथ दिया और शटल नेट से टकराने के बाद उनकी ओर गिर गयी। वेंग ने इसके बाद लगातार अंक जुटा कर चौम्पियनशिप प्वाइंट हासिल किया। उनके स्मैश पर प्रणय शटल को कोर्ट से बाहर मार बैठे।

# डब्ल्यूएफआई अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह और अनीता श्योराण के बीच मुकाबला

नयी दिल्ली। भारतीय कुश्ती




महासंघ (डब्ल्यूएफआई) के अध्यक्ष पद के लिए संजय सिंह और राष्ट्रमंडल खेल 2010 की चौंपियन अनीता श्योराण के बीच मुकाबला होगा। अन्य उम्मीदवारों के नाम वापस लेने के बाद यही दोनों मैदान में बचे हैं। उत्तर प्रदेश कुश्ती संघ के उपाध्यक्ष संजय डब्ल्यूएफआई के निवर्तमान अध्यक्ष बृजभूषण शरण सिंह के करीबी हैं जबकि अनीता 12 अगस्त को होने वाले चुनाव में अकेली महिला उम्मीदवार हैं। अनीता ने अपना नामांकन ओडिशा इकाई के प्रतिनिधि के रूप में भरा है जबकि वह हरियाणा की रहने वाली हैं और राज्य पुलिस में कार्यरत हैं। इस पद के लिए दो अन्य उम्मीदवारों जम्मू कश्मीर के दुष्यंत शर्मा और दिल्ली कुश्ती संघ के अध्यक्ष और बृजभूषण के करीबी जयप्रकाश ने भी नामांकन भरा था लेकिन भारतीय ओलंपिक संघ (आईओए) द्वारा गठित तदर्थ समिति के सूत्रों के अनुसार इन दोनों ने शनिवार को नाम वापस ले लिया। चुनाव अधिकारी और जम्मू–कश्मीर उच्च न्यायालय के पूर्व न्यायधीश महेश मित्तल कुमार सात अगस्त को उम्मीदवारों की आधिकारिक सूची जारी करेंगे। चुनाव अध्यक्ष (1), वरिष्ठ उपाध्यक्ष (1), उपाध्यक्ष (4), महासचिव (1), कोषाध्यक्ष (1), संयुक्त सचिव (2) और कार्यकारी सदस्य (5) पदों के लिए होंगे। ओलंपियन जयप्रकाश ने तीन पदों के लिए नामांकन भरा था। वह महासचिव पद की दौड़ से भी बाहर हो गए हैं जिसके बाद चंडीगढ़ के दर्शन लाल और रेलवे खेल संवर्धन बोर्ड के सचिव प्रेमचंद लोचाब के बीच इस पद के लिए सीधा मुकाबला होगा। कोषाध्यक्ष पद के लिए भी उत्तराखंड के सत्यपाल सिंह देशवाल और दुष्यंत शर्मा के बीच सीधा मुकाबला होगा। बृजभूषण गुट के एक सदस्य ने गोपनीयता की शर्त पर बताया कि उनके 16 उम्मीदवार सभी 15 पदों के लिए मैदान पर हैं। उन्होंने कहा,'' हम सभी 15 पदों के लिए चुनाव लड़ रहे हैं। हमारे 18 उम्मीदवारों ने नामांकन भरा था जिनमें से केवल दो ने नाम वापस लिया है।'' उन्होंने बताया कि जयप्रकाश उपाध्यक्ष और आईडी नानावती वरिष्ठ उपाध्यक्ष पद के लिए चुनाव लड़ेंगे।

# सोशल क्रेडिट स्कोर अगर कम, नागरिकों का हुक्का पानी बंद, पूरा चीन बना जेल, क्या है जिनपिंग का AI वाला खेल?

दुनिया में इंसान की आजादी और स्वाभिमान के खिलाफ जो कुछ भी बुरा हो सकता है वो सब चीन में होता है। चीन में सरकार की नीतियों के खिलाफ एक शब्द भी बोलने का मतलब है जेल जाना या फिर हमेशा के लिए गायब हो जाना। चीन में आम लोग ही नहीं बल्कि चीनी सेना के बड़े बड़े अधिकारी भी लगातार गायब हो रहे हैं। लेकिन अब खबर आ रही है कि चीन की शी जिनपिंग की सरकार वहां के 140 करोड़ लोगों की जासूसी करती है। चीन के हर शख्स के प्राइवेट लम्हों में भी चीनी सरकार तांक झांक करती है। नागरिकों को उनके बर्ताव के आधार पर नंबर दिए जाते हैं। इन्हीं नंबरों से उनके लिए सजा और ईनाम तय होता है। सोशल क्रेघडिट सिस्टम ने चीनी नागरिकों की जिंदगी गुलामों से भी बदतर बना दी है।




चीन के राष्ट्रपति शी जिनपिंग के आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस वाले खेल में 140 करोड़ लोग एक खुली जेल में रह रहे हैं। चीन के 140 करोड़ लोग सो कर कब उठते हैं। उठने के बाद क्या खाते हैं और क्या क्या खाते हैं। क्या पहनते हैं, घर से कब निकलते हैं। कितने बजे दफ्तर आते हैं, दफ्तर से कब जाते हैं। कितनी बार टी ब्रेक लेते हैं। कितनी बार वॉश रूम में जाते हैं। किसे फोन करते हैं। फोन में कौन कौन से ऐप इस्तेमाल करते हैं। सोशल मीडिया पर क्या लिखते हैं। प्राइवेट चौट का इस्तेमाल करते हैं। कौन किसका दोस्त कौन किसता दुश्मन। किसे कौन सी बीमारी है। जिनपिंग को लेकर क्या राय रखते हैं। चीन में जितने लोग हैं उनते ही जिनपिंग ने जासूस लगा रखे हैं। भारत जैसे आजाद मुल्क में ऐसा सोच पाना भी नामुमकिन हैं। लेकिन शी जिनपिंग के मुल्क में हर पल लोग निगरानी में रहते हैं। जिनपिंग की सरकार ने अपने लोगों की निगरानी करने के लिए 40 करोड़ से अधिक कैमरे लगा रखे हैं, जो आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस यानी एआई से लैस हैं। ये कैमरे कपड़े और चेहरा पहचानने में सक्षम हैं। ये कैमरे किसी भी इंसान की उम्र का एकदम सटीक अंदाजा लगा सकते हैं। एआईआ से लैस ये कैमरे अपनी जद में आने वाले शख्स के बारे में ये भी बता सकते हैं कि वो मर्द है या फिर औरत। आम इंसानों की बेहद निजी जानकारियां भी सार्वजनिक करने में वहां की सरकार नहीं हिचकती है। हर वक्त आम नागरिकों की परीक्षा लेने वाले शी के इस प्रयोग का नाम सोशल क्रेडिट सिस्टम है। जिसके तहत नागरिकों के बर्ताव के आधार पर सरकार उन्हें नंबर देगी।

# अदिति अशोक स्कॉटिश ओपन में संयुक्त 65वें स्थान पर, दीक्षा बाहर

इर्विन। भारतीय गोल्फर अदिति अशोक ने लगातार दूसरे दिन 74 का कार्ड खेला जिससे वह महिला स्कॉटिश ओपन के तीसरे दौर के बाद संयुक्त 65वें स्थान पर है। अदिति ने पहले दो दौर



में 73 और 74 का कार्ड खेला था। तीसरे दौर में उन्होंने दो बर्डी बनाई लेकिन इस बीच दो बोगी और एक डबल बोगी भी की। इस सप्ताह मौसम भी अच्छा नहीं रहा लेकिन तीसरे दौर में पहले दो दिनों की तुलना में मौसम ठीक था। भारत की एक अन्य खिलाड़ी दीक्षा डागर हालांकि कट से चूक गई। अदिति और दीक्षा अगले सप्ताह वाल्टन हीथ में महिला ओपन में हिस्सा लेंगी।

# Inflation पर चिंता के बीच आरबीआई ब्याज दर पर यथास्थिति बरकरार रख सकता हैः विशेषज्ञ

नयी दिल्ली। मुद्रास्फीति के मोर्चे पर चिंता के बीच भारतीय रिजर्व बैंक (आरबीआई) अपनी आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में प्रमुख ब्याज दर पर यथास्थिति बरकरार रख सकता है। विशेषज्ञों ने कहा कि आर्थिक वृद्धि की गति को बनाए रखने के लिए कर्ज लेने की लागत स्थिर बनी रहेगी। आरबीआई गवर्नर की अध्यक्षता वाली छह सदस्यीय मौद्रिक नीति समिति (एमपीसी) की बैठक 8–10 अगस्त को होगी। गवर्नर शक्तिकांत दास नीतिगत निर्णय की घोषणा 10 अगस्त को करेंगे। आरबीआई ने ब्याज दर में बढ़ोतरी का सिलसिला पिछले साल मई में शुरू किया था, हालांकिफरवरी के बाद से रेपो दर 6.5 प्रतिशत पर अपरिवर्तित है।



इसके बाद अप्रैल और जून में दो द्विमासिक नीति समीक्षाओं में प्रधान उधारी दर में फेरबदल नहीं हुआ। पंजाब एंड सिंध बैंक के प्रबंधा निदेशक स्वरूप कुमार साहा ने कहा कि आरबीआई वैश्विक रुझानों सहित कई चीजों को ध्यान में रखता है। इसलिए, हाल मेंअमेरिकी फेडरल रिजर्व जैसे कई केंद्रीय बैंकों द्वारा ब्याज दरों में बढ़ोतरी को भी ध्यान में रखा जाएगा। साहा ने कहा, समग्र स्थितियों को देखते हुए, मेरा अनुमान है कि आरबीआई रेपो रेट को मौजूदा स्तर पर बरकरार रखेगा। अगर वैश्विक हालात स्थिर रहते हैं तो ब्याज दर में अगली 2–3 तिमाहियों तक यथास्थिति रहने की संभावना है। एलआईसी हाउसिंग फाइनेंस के प्रबंध निदेशक त्रिभुवन अधिकारी ने भी कहा कि केंद्रीय बैंक आगामी मौद्रिक नीति समीक्षा में ब्याज दरों में यथास्थिति बनाए रखेगा।

उन्होंने कहा कि निकट अवधिा में ब्याज दर स्थिर रहने की संभावना है। सरकार ने केंद्रीय बैंक को यह सुनिश्चित करने का काम सौंपा है कि खुदरा मुद्रास्फीति चार प्रतिशत पर बनी रहे, जिसमें ऊपर या नीचे की ओर दो प्रतिशत तक विचलन हो सकता है। यस बैंक के मुख्य अर्थशास्त्री इंद्रनील पैन ने कहा कि टमाटर सहित सब्जियों की कीमतों में महंगाई के बावूजद दरों में बदलाव की संभावना नहीं है। उपभोक्ता मूल्य सूचकांक (सीपीआई) पर आधारित भारत की खुदरा मुद्रास्फीति जून में बढ़कर तीन महीने के उच्चतम स्तर 4.81 प्रतिशत पर पहुंच गई, हालांकि यह आरबीआई के सहनशील स्तर छह प्रतिशत से नीचे है।

# चीन के शानदोंग प्रांत में भूकंप, 21 लोग घायल, 100 से अधिक इमारतें ढहीं

बीजिंग। पूर्वी चीन के कुछ हिस्सों में शनिवार देर रात 5.5




तीव्रता का भूकंप आया, जिससे कम से कम 21 लोग घायल हो गए और 100 से अधिक इमारतें ढह गईं। स्थानीय मीडिया की खबरों के अनुसार, शनदोंग प्रांत की पिंगयुआन काउंटी में रात दो बजकर 33 मिनट पर आए भूकंप के झटके बीजिंग, तियानजिन, हेनान और हेबेई प्रांत सहित उत्तरी चीन के कई हिस्सों में भी महसूस किए गए। पिंगयुआन बीजिंग से लगभग 345 किलोमीटर दक्षिण में स्थित है। सरकारी समाचार एजेंसी शिन्हुआ की खबर के मुताबिक, भूकंप से कम से कम 21 लोग घायल हुए और 126 इमारतें ढह गईं। ऑनलाइन साझा किए गए वीडियो में घरों में रखे फर्नीचर हिलते हुए और लोग घरों से बाहर निकलते हुए दिखाई दे रहे हैं। भूकंप के कारण बीजिंग, तिआनजिंग और चांगझोऊ से जाने वाली 20 ट्रेन का परिचालन रोक दिया गया। 'चीन रेलवे बीजिंग ग्रुप कंपनी लिमिटेड' के अनुसार, भूकंप के कारण शिजियाझुआंग–जिनान हाई–स्पीड रेलवे की लगभग 30 ट्रेन भी रोकी गईं।

# जेसीबी ओपन में संयुक्त पांचवें स्थान पर रहे जीव मिल्खा सिंह

उतोक्सेटर। सीनियर ब्रिटिश ओपन में शीर्ष 15 में रहने के बाद




भारत के अनुभवी गोल्फर जीव मिल्खा सिंह ने अपना शानदार प्रदर्शन जारी रखते हुए जेसीबी ओपन सीनियर गोल्फ प्रतियोगिता में संयुक्त पांचवा स्थान हासिल किया। भारी बारिश और तूफान के कारण इस प्रतियोगिता के अंतिम दौर का खेल नहीं हो पाया और इस तरह से इसे 36 होल तक सीमित कर दिया गया। जीव ने पहले दो दौर में 69 और 72 का कार्ड खेला था। इस तरह से उनका कुल स्कोर तीन अंडर 141 रहा। राइडर कप के पूर्व स्टार पीटर बेकर 36 होल के बाद एकल बढ़त पर है और अंतिम दौर में एक भी शॉट खेले बिना वह चौंपियन बन गए। उन्होंने पहले दो दौर में 69–69 का स्कोर बनाया था। विजय सिंह ने पहले दो दौर में 71 और 68 का कार्ड खेला था तथा वह दूसरे स्थान पर रहे।

# किम जोंग उन ने हथियार फैक्टरियों का दौरा किया, युद्ध से जुड़ी तैयारियां तेज करने का संकल्प लिया

सियोल। उत्तर कोरियाई नेता किम जोंग उन ने तोपखानों और परमाणु संपन्न बैलिस्टिक मिसाइलों के लिए प्रक्षेपण यान बनाने वाली फैक्टरियों समेत देश के अहम हथियार उत्पादन केंद्रों का दौरा किया और अपनी सेना को आधुनिक हथियारों से लैस करने के प्रयास तथा युद्ध से जुड़ी तैयारियां तेज करने का संकल्प लिया। किम का यह तीन दिवसीय दौरा ऐसे वक्त में हुआ है, जब उत्तर कोरिया के बढ़ते खतरे से निपटने के लिए अमेरिका और दक्षिण कोरिया इस महीने संयुक्त सैन्य अभ्यास के अगले चरण की शुरुआत के लिए तैयार हैं। उत्तर कोरिया के मिसाइल परीक्षण और अमेरिका–दक्षिण कोरिया के संयुक्त सैन्य अभ्यासों के कारण कोरियाई प्रायद्वीप में तनाव उच्च स्तर पर है। किम इन सैन्य अभ्यासों को आक्रमण का अभ्यास बताते हैं। कुछ विशेषज्ञों का मानना है कि किम



का हथियार फैक्टरियों का दौरा रूस के साथ संभावित सैन्य सहयोग से जुड़ा हो सकता है। रूस के राष्ट्रपति व्लादिमीर पुतिन ने अन्य देशों से यूक्रेन के खिलाफ युद्ध में सहयोग देने की अपील की है, जिसके तहत उत्तर कोरिया मॉस्को को हथियार और गोला–बारुद की आपूर्ति कर सकता है। उत्तर कोरिया की आधिकारिक 'कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी' के अनुसार, किम ने बड़े कैलिबर की तोपें बनाने वाली एक अज्ञात फैक्टरी का निरीक्षण करने के दौरान ''उत्तर कोरिया की युद्ध संबंधी तैयारियों में फैक्टरी की महत्वपूर्ण जिम्मेदारियों और कार्यों'' पर जोर दिया। केसीएनए के मुताबिक, किम ने गोलों की गुणवत्ता में सुधार लाने, प्रणोदक ट्यूब के निर्माण की अवधि घटाने और विनिर्माण की गति बढ़ाने के लिए ''वैज्ञानिक और तकनीकी कदम'' उठाने के फैक्टरी के प्रयासों की सराहना की, लेकिन नये प्रकार के गोले बनाने की आवश्यकता पर भी जोर दिया। एक अन्य फैक्टरी में किम ने कहा कि सेना के लिए वाहनों की आपूर्ति बढ़ाना शीर्ष प्राथमिकता है और उन्होंने उत्पादन के लिए एक ''ठोस नींव'' तैयार करने के वास्ते कर्मियों की तारीफ की। किम ने हथियारों की एक छोटी फैक्टरी का भी दौरा किया और सैनिकों द्वारा इस्तेमाल किए जा रहे हथियारों को उन्नत बनाने की आवश्यकता पर बल दिया। अमेरिका और दक्षिण कोरिया से बढ़ते टकराव के मद्देनजर किम रूस तथा चीन से अपनी साझेदारी मजबूत करने पर कोशिश कर रहे हैं। इसके साथ ही वह अपने आपको कूटनीतिक रूप से अलग–थलग किए जाने की कोशिशों को चुनौती दे रहे हैं और अमेरिका के खिलाफ एक संयुक्त मोर्चे में शामिल होने का प्रयास कर रहे हैं।

# जम्मू–कश्मीर में बदलाव से लोग अपनी इच्छानुसार जीवन जीने के लिए स्वतंत्र हैं : मनोज सिन्हा

श्रीनगर। जम्मू–कश्मीर के उपराज्यपाल मनोज सिन्हा ने रविवार को कहा कि पाकिस्तान के उकसावे पर घाटी में सामान्य जनजीवन को बाधित करने वाले अलगाववादी और आतंकवादी संगठनों का दौर इतिहास के पन्नों में सिमट गया है और अनुच्छेद 370 के निरस्त होने के चार साल बाद विकास और शांति यहां का मूलमंत्र है। पत्रकारों के एक समूह के साथ बातचीत में सिन्हा ने कहा कि परिसीमन और मतदाता सूची की पुनरीक्षण प्रक्रिया के पूरा होने के बाद केंद्र शासित प्रदेश में विधानसभा चुनाव कराने पर फैसला करना अब पूरी तरह से निर्वाचन आयोग पर निर्भर है। उन्होंने कहा, ''जम्मू–कश्मीर प्रशासन भारत के निर्वाचन आयोग के फैसले का पालन करेगा।'' सिन्हा ने कहा कि विभिन्न स्थानीय निकायों के 32,000 से अधिक निर्वाचित प्रतिनिधिा केंद्र शासित प्रदेश में निर्णय लेने की प्रक्रिया का हिस्सा हैं। उन्होंने कहा कि केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने संसद में आश्वासन दिया था कि परिसीमन प्रक्रिया के बाद विधानसभा चुनाव होंगे और जम्मू–कश्मीर को उचित समय पर राज्य का दर्जा भी मिलेगा। जम्मू–कश्मीर में विधानसभा चुनाव और राज्य दर्जा बहाली पर जोर दे रहे विपक्षी दलों पर निशाना साधते हुए उपराज्यपाल ने कहा कि जो लोग संवैधानिक पदों पर रहे हैं और संसद के सदस्य रहे हैं, अगर वे संवैधानिक प्रक्रिया को नहीं समझते हैं, तो उनकी समस्याओं का कोई इलाज नहीं है।

## ट्रांसफश्वर्मर जला, चुरिया गांव में एक सप्ताह से आपूर्ति ठप

सलेमपुर। लार क्षेत्र के खेमादेई सब स्टेशन के चुरिया गांव में लगा 63 केवीए का ट्रांसफॉर्मर एक सप्ताह पहले जल गया। इसके बाद से 180 परिवार अंधेरे में हैं। उमस भरी गर्मी से लोग बेहाल हैं। ट्रांसफॉर्मर न बदले जाने को लेकर ग्रामीणों में गहरा रोष है। आधा गांव अंधेरे में डूब गया है। बिजली के अभाव में जहां लोग चौन की नींद सो नहीं पा रहे हैं,वहीं पानी के लिए लोगों को परेशान होना पड़ रहा है। जिन लोगों ने इंवर्टर लगा रखा है उसकी बैटरी चार्ज न होने के कारण शो पीस बन गया है। मोबाइल चार्ज करने के लिए लोगों को इधर–उधर दौड़ लगानी पड़ रही है। ग्राम प्रधान सुनील,भानु सिह, अरूणसिंह, हेमंत यादव, मनीष सिंह, विरू सिंह, रंजन सिंह, मजीद अंसारी आदि लोगों ने जल्द ट्रांसफार्मर लगाने की मांग की है।

## सच्चे समाजवादी और लोहिया विचारधारा के थे छोटे लोहिया

बरहज। सपा कार्यकर्ताओं ने पंडित जनेश्वर मिश्र की जयंती धूमधाम से मनाई। उनके चित्र पर पुष्प अर्चन कर उन्हें श्रद्धांजलि दी गई। सपा नेता विजय रावत के नेतृत्व में जयंती समारोह का आयोजन किया गया। उन्होंने कहा कि जनेश्वर मिश्र छोटे लोहिया भी कहे जाते थे। वह समाजवादी विचारधारा के थे। प्रत्येक आंदोलन को सफल बनाने में उनका पूरा योगदान रहा है। मौके पर कृष्णानंद, सुरेश राजभर, विकास यादव, महावीर गुप्त, रामविचार प्रजापति, पतरु यादव, विपिन सिंह आदि मौजूद रहे।

## आवास के लिए दिव्यांग से दस हजार रुपये मागे

देवरिया। मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास देने के लिए दिव्यांग से दस हजार रुपये की मांग की गई। पीड़ित ने जिलाधिकारी को समाधान दिवस में पत्र देकर के दोषियों के विरुद्ध कार्रवाई की मांग की है। रामपुर कारखाना विकासखंड के ग्राम पंचायत हरपुर कला के जमुना प्रसाद ने जिलाधिकारी को दिए पत्रक में बताया है कि वह 60 प्रतिशत दिव्यांग हैं। उनका कोई भी पक्का मकान नहीं है। मुख्यमंत्री दिव्यांग आवास योजना के तहत उनका नाम ग्राम प्रधान की ओर से प्रस्तावित करके ब्लॉक पर भेजा गया था। ग्राम प्रधान और ब्लॉक पर सेक्टर प्रभारी एडीओ पंचायत की ओर से आवास पास करवाने के लिए दस हजार की मांग की गई। न देने पर आवास के लिए अपात्र घोषित करते हुए शासन को रिपोर्ट भेज दी गई है। एडीओ पंचायत बिंदा सिंह से बात की गई तो उन्होंने बताया कि दिव्यांग आवास के लिए अपात्र हैं। रुपये मांगने का आरोप निराधार है।

## थ्रेसर रखने पर दो पक्षों में लाठी डंडों से मारपीट, छह घायल

महराजगंज।ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के लालपुर गांव में थ्रेसर खड़ा करने को लेकर जमीनी विवाद में दो पक्ष वापस में भीड़ गए, जिसमें दोनों पक्षों की तरफ से चले लाठी–डंडे में 6 लोग घायल हो गए। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस घायलों को अस्पताल भेजवा कर मामले की जांच में जुट गई। घटना के संबंध में बताया जाता है की ठूठीबारी कोतवाली क्षेत्र के ग्राम चटिया टोला लालपुर निवासी अशोक यादव अपना थ्रेसर विवादित जमीन में लाकर खड़ा कर दिए। यह देख विपक्षी दिनेश खरवार द्वारा विरोधा किया गया। जिस पर दोनों पक्ष के लोग कहासुनी करते हुए लाठी डंडा लेकर मारपीट पर उतारू हो गए। देखते ही देखते दोनों पक्षों में जमकर मारपीट शुरू हो गई, जिसमें छह लोग घायल हो गए। प्रथम पक्ष के दिनेश खरवार की तहरीर पर विपक्षी अशोक यादव, कन्हैया, रामप्यारे, जगदीश, अवधेश, अनिल, अमरजीत व रामप्रकाश के खिलाफ बलवा मारपीट की धाराओं में मुकदमा दर्ज किया गया है। दूसरे पक्ष के अशोक यादव की तहरीर पर विपक्षी सुदामा खरवार, रमेश, दिनेश, नरेश के खिलाफ मारपीट का मुकदमा दर्ज किया है। चौकी प्रभारी रण विजय वर्मा ने बताया कि थ्रेसर रखने संबंधी विवाद के मामले में मुकदमा दर्ज कर लिया गया है।

## किशोरी के साथ छेड़छाड़ की शिकायत

परतावल। श्यामदेउरवां थाना क्षेत्र के एक गांव में एक किशोरी के साथ छेड़छाड़ का मामला सामने आया है। किशोरी की मां ने थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है। हालांकि पुलिस ने तहरीर न मिलने की बात कही है। शिकायती पत्र में कहा गया है कि किशोरी अपनी मां के साथ गांव में रहती है। पिता प्रदेश में मजदूरी करते हैं। पड़ोस में ही बंगाल से आया एक युवक किराए के मकान में रहकर दवा की दुकान चलाता था। किशोरी का वहां आना–जाना था। इसी दौरान दोनों में नजदीकियां बढ़ी। जब इसकी भनक किशोरी के परिजनों को लगी। किशोरी की मां ने इसकी शिकायत स्थानीय थाने पर की। थानाध्यक्ष धर्मेन्द्र कुमार सिंह ने बताया कि मामले में पीड़िता की तरफ से कोई तहरीर नहीं मिला है। तहरीर मिलने पर केस दर्ज कर कार्रवाई की जाएगी।

## युवा प्रतिभाओं को मंच प्रदान करेगा महोत्सव

महराजगंज। जिले के युवाओं को कला व संस्कृति के क्षेत्र में आगे बढ़ाने के लिए पहल जारी है। इस बार भी अक्तूबर–नवंबर माह में प्रस्तावित महराजगंज महोत्सव में विविध आयोजनों के माध्यम से युवा प्रतिभाओं को सामने लाने की कोशिश होगी। प्रशासन की ओर से पिछली बार भव्य महोत्सव का आयोजन कराया गया था, जिसमें स्थानीय से लेकर देश के नामचीन कलाकारों ने हिस्सा लिया था। कला, संस्कृति, शिक्षा, खेल व अन्य प्रतियोगी गतिविधियों में सम्मिलित रहने वाले युवाओं को इस बार भी महोत्सव के माध्यम से प्रोत्साहित करने की व्यवस्था होनी है। अलग–अलग आयु वर्ग के मेधावियों का अलग–अलग समूह में चयन होगा, इसके लिए जल्द ही रुपरेखा तय कर ली जाएगी।

## 33 लाख से सुधारी जाएगी राजकीय स्कूलों की पेयजल व्यवस्था

महराजगंज। जिले में संचालित 22 राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय व तीन इंटर कॉलेज की व्यवस्था 33 लाख से सुधारने की कवॉयद होगी। प्रोजेक्ट अलंकार के तहत कराए जाने वाले इस कार्य से जहां विद्यार्थियों को शुद्ध पेयजल मिल सकेगा, वहीं उन्हें बीमारियों से भी बचाया जा सकेगा। जिले के ग्रामीण क्षेत्रों में हाईस्कूल स्तर तक शिक्षा देने के लिए राजकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय चलाया जा रहा है। वहां पर अध्ययनरत विद्यार्थियों को अच्छी सुविधा मिले इस पर विशेष जोर है।

# सड़क बनी ही नहीं, हो गया 4.30 लाख रुपये का भुगतान

रुद्रपुर। विकास खंड में मनरेगा के पक्क कार्यों में जमकर गोलमाल चल रहा है। यहां सड़क बनने के पहले ही फर्मों को भुगतान हो जा रहा है। हड़हा गांव में इंटरलाकिंग सड़क बनाने के नाम पर 4.30 लाख रुपये का भुगतान किया गया है। कागज में इंटरलॉकिंग सड़क तैयार हो गई है। वहीं मौके पर धूल उड़ रही है। ब्लॉक के अन्य गांवों में भी काम कराए बिना भुगतान कराने की शिकायतें आ रहीं हैं। हड़हा गांव में करीब 150 मीटर सड़क का निर्माण मनरेगा के तहत कराया गया है। कागज के अनुसार दो मजदूरों ने तीन दिन में सड़क का निर्माण कर दिया है। वहीं, दो मजदूरों के मस्टरोल पर चार लाख का भुगतान भी करा लिया गया है। यहां सड़क के निर्माण के ऑनलाइन भुगतान में गोलमाल साफ दिख रहा है। रामधारी के घर से शिवचंद के घर तक इंटरलॉकिंग सड़क निर्माण को कागज में कराकर 26 जुलाई को बिल प्रस्तुत किया गया। प्रस्तुत बिल के मद में 4.30 लाख रुपये का तीन अगस्त को भुगतान कर दिया गया। कार्य का बिना भौतिक सत्यापन किए इंटरलॉकिंग सिमेंट ईंट के मद में 2,84,900 रुपये, सिमेंट के मद में 35,910 रूपये, सफेद बालू के मद में 44,184 रुपये और टुकड़ा ईंट के मद में 64,856 रुपये का भुगतान किया गया है। इसके अलावा कई गांवों में मनरेगा के पक्के काम को आधा अधूरा कराकर 90 प्रतिशत तक भुगतान करा लिया गया है। इन गांवों में काम की गुणवत्ता की शिकायत मिल रही है। मामला उजागर होने पर कुछ गांवों में प्रधान आधी रात में आपाधापी में सड़क का निर्माण कराने में जुट गए। इससे कार्य की गुणवत्ता प्रभावित हो रही है।

# 45 दिन बाद भी 37 लाख की चोरी का नहीं हो सका खुलासा

देवरिया। एक ही रात तीन घरों में हुई 37 लाख की चोरी के मामले में 45 दिन बीत जाने के बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। पीड़ित व्यक्ति ने इंस्पेक्टर से मिलकर घटना के खुलासे की मांग की है। लार थाना क्षेत्र के संजाव गांव में 19 जून की रात चोरों ने तीन घरों को निशाना बनाकर 37 लाख की चोरी कर ली। गांव के डॉ. अजय कुमार दुबे का परिवार उमस भरी गर्मी की वजह से छत पर सोया था। चोरों ने घर के पूरब से जंगला का ग्रिल खोलकर एक कमरे से गहना और नकदी सहित लगभग 15 लाख रुपये का सामान उठा ले गए। बगल में राजेश दुबे पुत्र कृपासिंधु दुबे की दो मंजिला मकान है। घर के लोग नीचे हाल में सोए थे। चोरों ने दो मंजिला कमरे के जंगला का ग्रिल खोलकर अंदर प्रवेश कर गए और गहना नकदी मिलाकर करीब 20 लाख रुपये का सामान उठा ले गए। इसी रात कृष्णा गुप्ता के घर में घुस कर चोर करीब दो लाख रुपये का सामान चुरा लिए थे। एक ही रात हुई चोरी की घटना में अजय सहित अन्य लोगों की तहरीर पर पुलिस चोरी का केस तो दर्ज कर ली, लेकिन घटना के 45 दिन बाद भी पुलिस खुलासा नहीं कर सकी है। पीड़ित अजय दुबे ने इंस्पेक्टर राहुल कुमार सिंह से मुलाकात कर जानकारी ली तो उन्होंने कहा कि मामले में पुलिस टीम लगी है। जल्द ही खुलासा होगा।

## खाने-पीने के विवाद में घायल युवक के इलाज के लिए जुटाया चंदा

देवरिया। डुमरी चौराहे पर शाम को खाने–पीने को लेकर हुए विवाद में युवक के घायल होने के मामले में पुलिस ने दो लोगों के विरुद्ध मारपीट और हत्या के प्रयास का केस दर्ज किया है। वहीं, युवक के इलाज के लिए ग्रामीणों ने चंदा जुटाया। गंभीर रूप से घायल युवक को डॉक्टरों ने इलाज के लिए लखनऊ रेफर कर दिया था। लेकिन, धनाभाव के चलते परिजन उसे घर लेते आए थे। रामपुर कारखाना थाना क्षेत्र के डुमरी पांडेय चक रोड स्थित रामपुर धुस के पास शराब भट्टी पर शाम डुमरी गांव निवासी हसमुद्दीन और भगवानपुर गांव निवासी प्रदीप के बीच खाने–पीने को लेकर विवाद हो गया। कहासुनी के बाद दोनों युवक आपस में भिड़ गए।

इसी दौरान भगवानपुर गांव का ही विकास बियर की बोतल लेकर हसीमुद्दीन को मारने के लिए दौड़ पड़ा। बीच–बचाव करने गए डुमरी गांव निवासी मंसूर उर्फ शेरू 27 वर्ष पुत्र इशहाक के सर पर आरोपियों ने बीयर की बोतल फोड़ कर गले पर ताबड़तोड़ वार कर दिया। घटना में मंसूर की गर्दन कट गई और सर भी फट गया। गंभीर रूप से घायल मंसूर को लेकर परिजन सदर अस्पताल पहुंचे, जहां से चिकित्सकों ने मेडिकल कॉलेज गोरखपुर के लिए रेफर कर दिया। देर रात मेडिकल कॉलेज से चिकित्सकों ने केजीएमसी लखनऊ के लिए युवक को रेफर कर दिया। पुलिस ने युवक की पत्नी मरियम की तहरीर पर भगवानपुर तिवारी गांव निवासी प्रदीप और विकास के खिलाफ हत्या के प्रयास का मुकदमा पंजीकृत कर लिया। गोरखपुर से रेफर होने पर धन के अभाव में परिजन घायल युवक को लेकर सुबह घर चले आए। इस बात की जानकारी होते ही गांव के अब्बू सत्तार, जावेद अहमद, जफरुल्लाह अंसारी समेत दर्जनों ग्रामीण चंदा जुटाने में लग गए। थोड़ी देर में ही ग्रामीणों ने लगभग 13000 रुपये इकट्ठा कर लिए। पुलिस ने घायल युवक का मेडिकल कराया और सदर अस्पताल भिजवाया। परिजन उसे लेकर लखनऊ जाने की तैयारी में जुटे हैं।

## बालिकाओं को समाज में दें उचित माहौल

परसामलिक। नौतनवां के रतनपुर ब्लाक के सभागार में बेटी बचाओ बेटी पढ़ाओ योजना के तहत कन्या जन्मोत्सव कार्यक्रम का आयोजन हुआ। जिसमें मुख्य अतिथि ब्लाक प्रमुख राकेश कुमार मद्धेशिया ने कहा कि बालिकाओं व महिलाओं को समाज में उचित स्थान देकर ही उन्हें विकास की तरफ बढ़ाया जा सकता है। इस दौरान 0–20 दिवस की कुल 25 नवजात बालिकाओं को बेबी किट, कंबल, फीडिंग बोतल, व पैम्पर्स आदि वितरण किया गया। जिला प्रोबेशन अधिकारी डीसी त्रिपाठी ने महिला कल्याण विभाग की ओर से संचालित योजनाओं की जानकारी दी। खंड विकास अधिकारी राहुल सागर, जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी शांतप्रकाश श्रीवास्तव व जिला पिछड़ा वर्ग कल्याण अधिकारी कन्हैया यादव ने भभी अपने विचार रखे। इस दौरान समन्वयक संजा देवी, मनोवैज्ञानिक परामर्शदाता प्रियंका सिंह, सुबोधनाथ यादव, दीपक पाण्डेय, संतोष उपाध्याय, धर्मेंद्र कुमार,उषा, नीलम, कौशिल्या एवं आशा रम्भावती देवी, मोहिनी, बबिता, शकुंतला, रोजिदा खातून, नबीबुन, लक्ष्मी आदि मौजूद रहे।

## मेरी माटी मेरा देश कार्यक्रम को सफल बनाएं प्रधान

महराजगंज। मेरी माटी मेरा देश अभियान को सफल बनाने के लिए ग्राम प्रधान पूरी तत्परता दिखाएं। अभियान का उद्देश्य उन बहादुर स्वतंत्रता सेनानियों और वीरों का सम्मान करना है, जिन्होंने देश के लिए अपना जीवन बलिदान कर दिया। ये बातें खंड विकास अधिकारी अजय कुमार श्रीवास्तव ने मिठौरा ब्लॉक सभागार में हुई बैठक में कही। उन्होंने कहा कि 9 अगस्त से पंद्रह अगस्त तक चलने वाले कार्यक्रम में सेनानियों की याद में देशभर में कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। साथ ही प्रत्येक ग्राम पंचायतों में वीर सेनानियों की याद में एक स्मारक का निर्माण होगा, जिसे शिलाफलक नाम दिया गया है। इस पर उस क्षेत्र के सभी सेनानियों के नाम दर्ज किए जाएंगे। इस दौरान सुरेश चंद्र कन्नौजिया रघुनाथ पटेल, गिरजेश गुप्ता,सुकेश सिंह, सुरेंद्र भारती,केशव यादव,शेष मणि, आदि लोग उपस्थित रहे।

# कायदे कानून को दरकिनार कर सीमावर्ती क्षेत्र में चल रही कबाड़ का धंधा

महराजगंज । जिले के सीमावर्ती क्षेत्र में कबाड़ का धंधा पनप रहा है। नियमों को दरकिनार कर जगह–जगह दुकानें संचालित हो रही हैं। सीमावर्ती क्षेत्रों से कबाड़ सरहद पार कर आमदनी करने में तस्कर जुटे हैं। सुरक्षा कर्मी अक्सर कबाड़ बरामद करते रहते हैं। बीते वर्ष से लेकर अब तक कई बार बरामदगी हुई है। कबाड़ की दुकानों पर चोरी का कबाड़ बिकने का खुलासा भी हो चुका है। जनपद महराजगंज की 84 किलोमीटर खुली भारत–नेपाल सीमा का फायदा तस्कर उठाते रहते हैं। सीमा पर कबाड़ लाने के दौरान उनकी गिरफ्तारी भी होती है। 84 किलोमीटर की सीमा में करीब 98 पगडंडियां हैं। नौ सीमा चौकियों के साथ 10 बॉर्डर आउट पोस्ट चौकी स्थापित हैं। इनके जरिए निगहबानी होती। सूत्रों ने बताया कि पगडंडियों में सोनौली कोतवाली क्षेत्र के भगवानपुर और झुलनीपुर नदी के रास्ते कबाड़ सीमा पार कर दिया जाता है। नेपाल में सस्ती दर पर कबाड़ मिलने के कारण वहां से लाया जाता है। घर से निकला हुआ कबाड़ जैसे कि लोहा, टीना, एल्युमिनियम, कूलर और पंखे का खराब मोटर खराब टीवी, बड़ी–बड़ी गाड़ियों का मजबूत लोहा, तेल का टीना, कूलर, पंखा, खराब फ्रिज, फर्नीचर, अलमारी, तांबा, इलेक्ट्रॉनिक चीजें खराब लैपटॉप, खराब कंप्यूटर खराब मोबाइल, खराब साइकिल, खराब बाइक, टायर आदि लाए जाते हैं। निचलौल कस्टम अधीक्षक रविंद्र तिवारी ने बताया कि सीमावर्ती क्षेत्र में राजाबारी, नौवाबारी, जमुई से ईंटहिया मार्ग पर बेलवा और करमहिया गांव में चलने वाली कबाड़ की दुकानों के लाइसेंस हैं।

## प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव के विकास पर जोर दें वीडीसी

महराजगंज। क्षेत्र पंचायत सदस्य प्रशिक्षण प्राप्त कर गांव के विकास पर जोर देने का कार्य करें। इससे उनकी महत्ता भी बढ़ेगी व गुणवत्तापरक तरीके से कार्य भी किया जा सकेगा। ये बातें सदर ब्लाक सभागार में क्षेत्र पंचायत सदस्यों के दो दिवसीय प्रशिक्षण में ब्लॉक प्रमुख सोनी कश्यप ने कही। खंड विकास अधिकारी चंद्रशेखर कुशवाहा ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गांव के विकास में उनकी भूमिका के बारे में बताया। मास्टर ट्रेनर कल्पना शुक्ला ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को गांव के शतत् विकास लक्ष्य के बारे बताया, जिसमें नौ थीम को कार्ययोजना में किस तरह शामिल करना है। सदस्यों को गांव एवं क्षेत्र के विकास के बारे में जानकारी दी। त्रिस्तरीय राज्य व्यवस्था के 73वें संशोधन, मातृ भूमि योजना के बारे में जानकारी दी गई। प्रशिक्षक श्याम सिंह एवं ओमप्रकाश ने क्षेत्र पंचायत सदस्यों को उनके अधिकारों एवं कर्तव्यों के बारे में बताया। इस दौरान सुधीर सिंह, रणजीत सिंह, रणविजय चौधरी, राधाकांत यादव, अरविंद सिंह, श्यामू यादव, ओमप्रकाश, सतीश शुक्ला, धर्मेंद्र गौंड़, उमेश पटेल, अरविंद यादव आदि मौजूद रहे।

# पुलिस पर गोली चलाने वाले व्यक्ति को छह वर्ष 11 माह का सश्रम कारावास

महराजगंज। जनपद के सोनौली थाना क्षेत्र के श्याम काट गांव के पास सात वर्ष पूर्व पुलिस कर्मियों पर किए गए फायरिंग के मामले में अभियुक्त रंजीत साह को अपर सत्र न्यायाधीश प्रथम फूलचंद कुशवाहा ने छह वर्ष 11 माह के साथ तीन हजार अर्थदंड की सजा सुनाई है। पत्रावली से मिली जानकारी के अनुसार तत्कालीन थानाध्यक्ष राम कृपाल सिंह दिनांक 31 अगस्त 2016 को क्षेत्र में हुई चोरी की जांच में जुटे थे कि मुखबीर द्वारा सूचना मिली कि चोरी के आरोपी श्यामलाल गांव के किनारे नो मेंस की तरफ जाने वाली कच्ची सड़क किनारे बाग में चोरी के माल का बंटवारा करने वाले हैं । सूचना पर पुलिस ने उन्हें पकड़ने का प्रयास किया तो उन्होंने फायरिंग शुरु कर दी। पुलिस ने एक बदमाश को घेर कर गिरफ्तार कर लिया। एक बदमाश फायर करते हुए भाग गया। तलाशी के दौरान पकड़े हुए बदमाश ने अपना नाम रंजीत शाह बताया। उसके पास से 315 बोर का कट्टा व अन्य सामान बरामद हुआ। मुकदमा दर्ज होने के बाद न्यायालय में आरोप पत्र विवेचक की ओर से भेजा गया। विचारण के दौरान सहायक जिला शासकीय अधिवक्ता देवेंद्र पांडे ने 8 गवाहों को पेश कर सजा की मांग की। न्यायालय द्वारा पत्रावली पर उपलब्ध साक्ष्य एवं सबूतों के आधार पर उक्त सजा सुनाई गई।

## गांवों को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री लगातार कर रहे कार्यः सांसद जगदंबिका पाल

दैनिक बुद्ध का संदेश

सिद्धार्थनगर। विकास क्षेत्र के ग्राम पंचायत बर्डपुर नंबर 13 में बने एकी.त ठोस अपशिष्ट प्रबंधन केंद्र (आरआरसी) का लोकार्पण सांसद जगदंबिका पाल ने किया। सांसद ने कहा गांव को आत्मनिर्भर बनने के लिए प्रधानमंत्री लगातार कार्य कर रहे हैं। नगरों के तरह ग्राम पंचायतों में भी स्वच्छता अभियान के तहत कार्य किया जा रहा हैं। सांसद ने कहा कि गांवों में भी नगरों के तरह वाहन घरों से कचरा उठा कर जेल स्थान पर एकत्रित करेगी जिसके लिए आरआरसी सेंटर का निर्माण तेजी से चल रहा हैं। इसके अलावा अमृत सरोवर का कार्य भी तेजी से चल रहा हैं। अब गांव भी किसी शहर से कम नही होगा। जिलाधिकारी संजीव रंजन ने कहा कि जनपद के गांव में स्वच्छता ओर विशेष ध्यान दिया जा रहा हैं। पांच हजार आबादी वाले 22 गांव में आरआरसी सेंटर का निर्माण हो चुका हैं। 12 ग्राम पंचायतों में कार्य तेजी से चल रहा हैं। गांव मो स्वच्छ बनाने के लिए कचरे को एक स्थान पर एकत्रित करके उसे खाद बनाकर खेतो में डाला जाएगा। इससे पूर्व में ओडीएफ योजना के तहत कार्य पूर्ण हुए हैं। नगर पालिका अध्यक्ष गोविंद माधव ने ग्रामीणों से कहा कि भाजपा सरकार देश व प्रदेश में तेजी से विकास का कार्य कर रही है। प्रत्येक गांव को शहरों के तरह आधुनिक बना रही हैं। जिसकी बदौलत सांसद ने जनपद में बड़ी रेल लाइन, केंद्रीय विद्यालय, पासपोर्ट कार्यालय, डाक घर सहित तमाम प्रमुख सड़को का निर्माण करवाकर इतिहास बना दिए हैं। इस अवसर पर एसडीएम सदर डा. ललित कुमार, बीडीओ सुरेश कुमार, जिला पंचायत सदस्य सबलू साहनी, एसपी अग्रवाल, समाजसेवी मुमताज अहमद, प्रधान वजहुल कमर, मोहम्मद सईद, ओमप्रकाश लोधी, रुद्र यादव सहित तमाम लोग उपस्थित रहे।

# गिरोह बंद अधिनियम के तहत खेत बाउंड्री और मकान कुर्क

दैनिक बुद्ध का संदेश

महराजगंज। सोनौली कोतवाली क्षेत्र के तीन स्थानों पर एसडीएम नौतनवा ने 14 (।) गिरोह बंद एवं असामाजिक क्रियाकलाप निवारण अधिनियम के अनुपालन में प्रशासन द्वारा बड़ी कार्रवाई के क्रम में खेत, घर तथा बाउंड्री को ढोल नगाड़ा बजवा कर सील करते हुए कुर्की की कार्यवाही की है। इस कार्रवाई के दौरान बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स मौजूद रही। जैसा कि रविवार को एसडीएम नौतनवा मुकेश कुमार सिंह नायब तहसीलदार नौतनवा अरविंद श्रीवास्तव राजस्व निरीक्षक सहित सोनौली कोतवाली पहुंचे। कोतवाली में बड़ी संख्या में पुलिस फोर्स बुलाई गई तथा थानाध्यक्ष अभिषेक सिंह के नेतृत्व में पुलिस फोर्स सोनौली कोतवाली क्षेत्र के ग्रामसभा त्रिलोकपुर पहुंचकर तीन स्थानों पर खेत की भूमि को चिन्हित कर वहां बोर्ड बैनर लगाकर डुगडुगी बजाकर कार्रवाई की घोषणा करते हुए भूमि पर लाल झंडी लगा दिया। इसी क्रम में सुकरौली में स्थित एक बाउंड्री वाल को तथा सोनौली कस्बे में स्थित एक मकान को बैनर लगाकर एसडीएम नौतनवा की देखरेख में सील कर दिया गया। साथ ही आरोपी खेत स्वामी को बुलाकर हिदायत दी गई कि व चिन्हित भूमि पर किसी तरह का कार्य न करें। इस संबंध में एसडीएम नौतनवा मुकेश कुमार सिंह ने बताया कि गिरोह बंद अधिनियम के तहत एक करोड़ 71 लाख रुपए कीमत की इरफान खान तथा 55 लाख रुपए की कीमत की आमिर खान के संपत्ति को मुनादी कराकर आज कुर्क किया गया है।





# सदैव प्रासंगिक रहेंगे ब्रज भूषण के अविस्मरणीय कार्यः राकेश शरण मिश्र

## प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी ब्रज भूषण मिश्र ग्रामवासी की मनी 28वी पुण्यतिथि

दैनिक बुद्ध का संदेश

सोनभद्र। प्रख्यात स्वतंत्रता संग्राम सेनानी, निर्भीक पत्रकार एवं जनपद के प्रथम विधायक रहे स्मृति शेष पंडित ब्रजभूषण मिश्र ग्रामवासी की 28 वीं पुण्यतिथि रविवार को सोन तट स्थित ग्रामवासी सेवा आश्रम में श्रद्धा पूर्वक मनाई गई। इस दौरान सर्वप्रथम श्ग्रामवासीश दादा जी के चित्र पर पुष्पहार चढ़ा व दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। पुण्यतिथि कार्यक्रम में बतौर मुख्य अतिथि गांधीवादी विचारक, वरिष्ठ अधिवक्ता व संयुक्त अधिवक्ता महासंघ के प्रांतीय अध्यक्ष राकेश शरण मिश्र ने ग्रामवासी के . तित्व एवं व्यक्तित्व पर प्रकाश डालते हुए उनके स्वतंत्रता संग्राम के संघर्ष और राष्ट्र व समाज हित में आजादी के बाद जनपद के बुनियादी विकास रिहन्द बांध का निर्माण, वनवासी आश्रम की स्थापना जैसे महत्वपूर्ण कार्यों एवं ग्रामवासी जी के पंच सूत्र गो सेवा, मदिरा बन्दी, अश्लील प्रदर्शन व लाटरी जुआ बंदी और हिंदी भाषा को प्राथमिकता दिए जाने की परि.श्य को विस्तार से रेखांकित किया। साथ ही उन्होंने अपनी एक स्वरचित रचना के माध्यम से दादाजी को शत–शत नमन करते हुए अपनी श्रद्धांजलि अर्पित किय। अध्यक्षता कर रहे आश्रम के ट्रस्टी सनोज तिवारी ने कहा कि ग्रामवासी दादा का पूरा जीवन आज की युवा पीढ़ी के लिए प्रेरणा देने वाला है। होने ग्रामवासी सेवा आश्रम से जुड़कर मानवता की सेवा का आवाहन करते हुए आगामी 27 अगस्त को उनकी जयंती एवं ग्रामवासी जी के पत्रकारिता का 100 वर्ष पूरे होने पर आयोजित ग्रामवासी शताब्दी समारोह में सभी को गणमान्य जनों को आमंत्रित किया। इस मौके पर स्वामी .ष्णानंद गिरी, प्रमुख ट्रस्टी ओम प्रकाश ने भी अपने विचार रख कर दादा जी को नमन किया।




कार्यक्रम में प्रमुख रूप से विनोद सिंह बंटी, घनश्याम चौधरी, अधिवक्ता बृजेश पांडेय, प्रिंस चौबे ,सुभाष साहनी, मगरू साहनी, काकू दुबे, विजय पाल,गोविन्द गिरी, कमलेशानन्द, बन्टी दुबे, विजय साहनी आदि मौजूद रहे। कार्यक्रम का संचालन आश्रम प्रभारी राजेश अग्रहरि ने किया।

# केजीएमयू और लखनऊ विवि के मध्य हुआ एमओयू

## योगा एंड वेलनेस को बढ़ावा देने को हुआ समझौता

लखनऊ। योग एंड वेलनेस प्रोग्राम की शुरुआत करने के लिए केजीएमयू और लखनऊ विश्वविद्यालय के मध्य समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किए गए। रविवार को कुलपति द्वारा दिये गये निर्देशों के अनुपालन में केजीएमयू हेल्थ, योगा एण्ड वेलनेस प्रोग्राम की शुरुआत की गई। जिसमें संस्थान अधिष्ठाता छात्र कल्याण द्वारा प्रातः कालीन कलाम सेन्टर स्थित हॉल में योगाभ्यास किया। केजीएमयू हेल्थ योगा एण्ड वेलनेस प्रोग्रामष के अन्तर्गत योगाभ्यास के प्रथम शिविर में लखनऊ विश्वविद्यालय लखनऊ के योग विभाग फैकल्टी ऑफ योग एंड अल्टरनेटिव मेडिसिन द्वारा किया गया।ज्ञात हो कि संस्थान योगाभ्यास शिविरों के समुचित संचालन के लिए एक वार्षिक कैलेण्डर तैयार करेगा।जिसे चिकित्सा विश्वविद्यालय के स्तर पर प्रतिमाह समस्त छात्रावासों में साप्ताहिक योगाभ्यास शिविर का आयोजन नियमित रूप से कराया जायेगा। वहीं कोआर्डिनेटर डा. अमरजीत यादव के दिशा निर्देशन में योग प्रशिक्षकों की टीम में डा. राम नरेश, डा. राम किशोर, डा. अर्चना वर्मा, प्रियांजली पाण्डेय द्वारा योगाभ्यास कराया गया। योगाभ्यास शिविर में पहले दिन केजीएमयू के लगभग 100 से अधिक संकाय सदस्यों, छात्र–छात्राओं रेजीडेंट चिकित्सकों व अन्य कर्मचारियों द्वारा योगाभ्यास किया। इस अवसर पर प्रो. आरएएस कुशवाहा,अधिष्ठाता, छात्र कल्याण, प्रो. पुनीता मानिक, अधि ाष्ठाता, नर्सिंग संकाय, प्रो. रमेश भारती, सहायक अधिष्ठाता, छात्र कल्याण भी उपस्थित रहे। इसी क्रम में योगाभ्यास शिविर में डा. अमरजीत यादव, योग विभाग, लखनऊ विवि ने आधुनिक जीवन में नियमित योग करने की जानकारी साझा की ।साथ ही योग प्रशिक्षकों द्वारा योगाभ्यास के दौरान उपस्थित समस्त छात्र–छात्राओं रेजीडेंट चिकित्सकों को विभिन्न प्रकार के योगासनों का अभ्यास भी कराया गया।

# नफरत की राजनीति को बढ़ावा देती है भाजपाःअखिलेश यादव

लखनऊ। समाजवादी पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं पूर्व मुख्यमंत्री अखिलेश यादव ने कहा है कि भाजपा सरकार की विघटनकारी नीतियों से देश और समाज के समक्ष संकट खड़ा हो गया है। भाजपा आरएसएस अपने जन्म के प्रारम्भ से ही समाज को बांटने और नफरत की राजनीति को बढ़ावा देती आई है। सत्ता में भाजपा के आने के बाद से सामाजिक सद्भावना के साथ खिलवाड़ बढ़ गया है। भाजपा सरकार के शासनकाल में असहिष्णुता और लोकतंत्र की अवमानना बढ़ी है। संसद में जनता की आवाज दबाई जा रही है तो सत्तासीनों के विरोध में बोलने पर उन्हें यातनाएं झेलनी पड़ती है। समाज का हर वर्ग भाजपा की गलत नीतियों के चलते आंदोलित और आक्रोशित है। उसे अब सन् 2024 का ही इंतजार है जब वह अपने मताधिकार से अंहकारी भ्रष्ट भाजपा सरकार को हटाएगा। भाजपा राजनीतिक सत्ता पाने के लिए धर्म का दुरूपयोग करने से संकोच नहीं करती है। देश में सांप्रदायिक वैमनस्यता फैलाने के लिए भाजपा कट्टरता को बढ़ावा दे रही है। बुलडोजर संस्कृति अपनाकर दलितों, पिछड़ों और अल्पसंख्यकों को लगातार डराया जा रहा है। इससे देश में आतंक का माहौल बना है। भाजपा की साम्प्रदायिक राजनीति जनजीवन को विषाक्त बना रही है। भाजपा राज में अपराधों में भारी वृद्धि हुई है। महिलाएं और बच्चियां सर्वाधिक असुरक्षित हैं। पुलिस हिरासत में मौतें हो रही हैं। राष्ट्रीय मानवाधिकार आयोग लगातार नोटिसें दे रहा है। इस सबके बावजूद अपराध कम नहीं हो रहे हैं। अपराधी बेखौफ हैं। लूट, हत्या, अपहरण की घटनाएं रोज ही होती है। भाजपा राज में जंगलराज है। भाजपा जनता के बुनियादी मुद्दों महंगाई, बेरोजगारी से भागती है। अपनी सरकार के भ्रष्टाचार को छिपाने के लिए तरह–तरह के हथकंडे अपनाती है। भाजपा को प्रदेश के विकास से कोई मतलब नहीं है। सत्ता के लिए भाजपा अराजकता फैला रही है। अराजक तत्वों और दंगाइयों को प्रश्रय दे रही है। भाजपा की केन्द्र और प्रदेश सरकारों ने जनता को गुमराह करने के अलावा कोई काम नहीं किया। जनता भाजपा की कुत्सित चालों को समझ गयी है।

# समाज के विकास के लिए समाज के सभी वर्गों का विकास आवश्यकःसंजय किशन कौल

## सम्पूर्ण प्रदेश में जिला विधिक सेवा प्राधिकरणों द्वारा महिलाओं के हित एवं संरक्षण कानून से सम्बन्धित साक्षरता शिविरों का समापन कार्यक्रम सम्पन्न

लखनऊ। न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय व कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधि ाक सेवा प्राधिकरण (नालसा) के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय महिला आयोग नई दिल्ली के सहयोग से सम्पूर्ण प्रदेश में जिला विधि ाक सेवा प्राधिकरणों द्वारा महिलाओं के हित एवं संरक्षण कानून से सम्बन्धित साक्षरता शिविरों के आयोजन कार्यक्रमों का समापन समारोह रविवार को जे0टी0आर0आई0, गोमती नगर, लखनऊ के प्रेक्षागृह में किया गया। इसका उद्घाटन न्यायमूर्ति संजय किशन कौल, न्यायाधीश, उच्चतम न्यायालय और कार्यपालक अध्यक्ष, राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली ने दीप प्रज्वलित कर किया। इस अवसर पर मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधि ाकरण,रेखा शर्मा, अध्यक्ष, राष्ट्रीय महिला आयोग, नई दिल्ली की गरिमामयी उपस्थिति में सम्पन्न हुआ।

इस अवसर पर न्यायमूर्ति संजय किशन कौल ने अपने उद्बोधन में महिलाओं के अधि ाकारों एवं महिला सशक्तीकरण के सम्बन्ध अपने विचार व्यक्त करते हुये कहा कि राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण का क्षेत्र व्यापक हो गया है। छोटे विवादों को सुलह–समझौते से निपटाकर उन्हें न्यायालय आने से रोकने का प्रयास करना चाहिए। समाज के विकास के लिए समाज के सभी वर्गों का विकास आवश्यक है क्योंकि हम सभी एक डोर से बंधे हुए हैं। इसको प्राप्त करने के लिए हमें विधि के शासन को स्वीकार करना होगा। विधिक सहायता एवं जागरूकता एक नियमित प्रक्रिया है। उन्होंने विधि के समक्ष समानता के संवैधानिक उपबंध का उल्लेख करते हुए महिलाओं को न्यायपूर्ण स्थान देने की बात पर बल दिया। उन्होंने महिला सशक्तिकरण के लिए शिक्षा और जागरूकता पर बल दिया। साथ ही बंदियों के हितार्थ योजनाओं और न्यायिक निर्णयों को लागू करने की आवश्यकता पर भी बल दिया।

राष्ट्रीय महिला आयोग की अध्यक्ष रेखा शर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों का स्वागत किया। उन्होंने कहा कि महिला सशक्तिकरण की सार्थकता तभी होगी जब महिलाओं को उनके कानूनी अधिकारों का ज्ञान हो इसके लिए जरूरतमदों को उनके कानूनी अधिकारों के प्रति जागरूक करना अति आवश्यक हैं। मुख्य न्यायमूर्ति प्रीतिंकर दिवाकर, मुख्य न्यायाधीश, उच्च न्यायालय इलाहाबाद व मुख्य संरक्षक, उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण ने धन्यवाद ज्ञापित करते हुए कहा कि हम सभी को महिला सशक्तिकरण की सार्थकता के लिए इस रूढ़िवादी सोच को त्यागना होगा जो संपत्ति में महिलाओं को अधिकार देने से वंचित करती है।

उन्होंने राष्ट्रीय महिला आयोग की भूमिका की सराहना करते हुए कहा कि महिलाओं के उत्थान की दिशा में हम ध ीरे–धीरे प्रगति की ओर अग्रसर है। इसे रेखांकित करते हुए बताया कि न्यायिक सेवाओं में पुरूषों के सापेक्ष महिलाओं की भागीदारी बढ़ी है। न्यायमूर्ति द्वारा मुख्य अतिथि एवं सभी प्रतिभागियों का हृदय से आभार व्यक्त किया

# 9 सालों में बाल अपराध रोक पाने में केंद्र की मोदी सरकार पूरी तरह अकर्मण्य और विफलः विकास श्रीवास्तव

लखनऊ। उत्तर प्रदेश कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि 2012 में बच्चों को यौन हिंसा से बचाने के लिए मनमोहन सिंह सरकार द्वारा लाया गया पास्को एक्ट का लक्ष्य असुरक्षित बच्चों के हितों का संरक्षण करना तथा उनकी सुरक्षा व गरिमा को सुनिश्चित करना था। पिछले 9 सालों से बाल अपराध को रोक पाने में पूरी तरीके से आकर्मण्य और विफल केंद्र की मोदी सरकार ने 2019 में पाक्सो एक्ट में कुछ जरूरी संशोधन करते हुए जो बड़े–बड़े दावे किए थे, वह सभी दावे आज पूरी तरीके से हवा हवाई साबित हुए हैं। सच्चाई यह है कि नेशनल क्राइम रिकॉर्डस ब्यूरो (एनसीआरबी) की वार्षिक रिपोर्ट ने देशभर में और उत्तर प्रदेश में अपराध की भयावह तस्वीर उजागर किया है। हालिया रिपोर्ट में दावा किया गया कि हर दो घंटे में राज्य पुलिस में महिलाओं और बच्चियों के साथ रेप का एक मामला दर्ज किया जाता है,जबकि यूपी में हर 90 मिनट में एक बच्चे के साथ अपराध की रिपोर्ट है। वही उपलब्ध एनसीआरबी 2021 के आंकड़ों के मुताबिक देशभर में बच्चों के खिलाफ अपराध के मामलों में 16 प्रतिशत की बढ़ोतरी हुई थी, जो आज 2023 में लगभग 18 प्रतिशत पार है। कांग्रेस प्रवक्ता विकास श्रीवास्तव ने कहा कि उपलब्ध आंकड़ों, अपराध की प्रवृत्ति, पुलिसिया रवैया और समाज की ऐसे मामलों को नजरअंदाज करने की भूमिका के चलते आज समूचे देश में बच्चों के साथ यौन उत्पीड़न की घटनाएं काफी तेजी से बढ़ती जा रही हैं। इसे सिर्फ कानून बनाकर रोक पाना संभव नहीं हैं। आज उसके लिए सरकारों को सामाजिक जागरूकता पैदा करने हेतु कार्यक्रमों और मजबूत रोडमैप बनाने की जरूरत है। आम नागरिकों व सामाजिक संगठनों को भी बाल हिंसा के खिलाफ आज जनआंदोलन खड़ा करने की जरूरत है।

बुद्ध का संदेश
(हिन्दी दैनिक समाचार पत्र)
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक एवं मुद्रक श्रीमती पुष्पा शर्मा द्वारा बुद्धा प्रिन्टर्स , ज्योति नगर मधुकरपुर, निकट–हीरो होण्डा एजेन्सी, जनपद–सिद्धार्थनगर (उ0प्र0) 272207 से मुद्रित एवं प्रकाशित।
आर.एन.आई. नं.–UPHIN/2012/49458
संस्थापक
स्व. के.सी. शर्मा
सम्पादक
राजेश कुमार शर्मा
9415163471, 9453824459
दैनिक बुद्ध का संदेश
9795951917,9415163471
@budhakasandesh
budhakasandeshnews@gmail.com
www.budhakasandesh.com
इस अंक में प्रकाशित समस्त समाचारों के चयन एवं सम्पादन हेतु पी.आर.बी.एक्ट. के अन्तर्गत उत्तरदायी तथा इनसे उत्पन समस्त विवाद जनपद–सिद्धार्थनगर न्यायालय के अधीन ही मान्य होगा।

## जनपद सिद्धार्थनगर के महत्वपूर्ण नम्बर

| | |
|---|---|
| जिलाधिकारी | मो0:– 9454417530 |
| मुख्य विकास अधिकारी | मो0:– 9454464749 |
| एस डीएम नौगढ़ | मो0:– 9454415936 |
| एस डीएम बांसी | मो0:– 9454415937 |
| एस डीएम डुमरियागंज | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम इटवा | मो0:– 9454415939 |
| एस डीएम शोहरतगढ़ | मो0:– 9454415940 |
| पुलिस अधीक्षक | मो0:– 9454400305 |
| थाना मोहाना | मो0:– 9454404239 |
| थाना जोगिया उदयपुर | मो0:– 9454404235 |
| थाना गोलौरा | मो0:– 9454404233 |
| थाना पथरा बाजार | मो0:– 9454404240 |
| थाना त्रिलोकपुर | मो0:– 9454404243 |
| थाना उसका बाजार | मो0:– 9454404244 |
| थाना शोहरतगढ़ | मो0:– 9454404241 |
| थाना खेसरहा | मो0:– 9454404236 |
| थाना इटवा | मो0:– 9454404234 |
| थाना चिल्हिया | मो0:– 9454404229 |
| थाना ढेबरूआ | मो0:– 9454404230 |
| थाना भवानीगंज | मो0:– 9454404228 |
| थाना मिश्रौलिया | मो0:– 9454404238 |
| थाना सि0नगर | मो0:– 9454404242 |
| थाना डुमरियागंज | मो0:– 9454404232 |
| थाना लोटन | मो0:– 9454404237 |
| महिला थाना | मो0:– 9454404891 |

राष्ट्रीय दैनिक बुद्ध का संदेश

# विधान मंडल का द्वितीय सत्र आज से, बदली रहेगी यातायात व्यवस्था

## विधान सभासत्र के के दौरान केवल वैकल्पिक मार्ग के अभाव में केवल एम्बुलेंस, फायर सर्विस, स्कूली वाहन को जाने की दी जाएगी अनुमति

लखनऊ। सोमवार से विध ाान मण्डल का द्वितीय शुरू हो रहा है। उक्त के अवसर पर यातायात के सुगम संचालन के लिए सत्र के प्रारम्भ होने से समाप्ति तक आवश्यकतानुसार यातायात का डायवर्जन में बदलाव किया गया है। विध ाानसभा मण्डल सत्र के दौरान सामान्य यातायात के लिए प्रदान डायवर्जन मार्ग पर यदि किसी जन– समान्य की चिकित्सकीय अपरिहार्यता की स्थिति में वैकल्पिक मार्ग के आभाव में प्रतिबन्धित मार्ग पर भी एम्बुलेन्स, शव वाहन, फायर सर्विस, स्कूली वाहन इत्यादि को ट्रैफिक पुलिसध्स्थानीय पुलिस द्वारा विधानसभा सत्र के दौरान अनुमन्य रहेगा। इसके लिए ट्रैफिक कन्ट्रोल नंम्बर 9454405155 पर सम्पर्क किया जा सकता है।डीसीपी ट्रैफिक आशीष श्रीवास्तव ने बताया कि डायवर्जन इस प्रकार रहेगा। बंदरियाबाग चौराहे से सामान्य यातायात राजभवन, डीएसओ हजरतगंज, जीपीओ, विध ाानसभा की ओर नहीं जा सकेगा, बल्कि यह यातायात लालबत्ती चौराहा, कैण्ट या गोल्फ क्लब, 1090 चौराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा । डीएसओ चौराहा से हजरतगंज, जीपीओ पार्क, विध ाानसभा मार्ग की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात पार्क रोड, मेफेयर तिराहा होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। रॉयल होटल चौराहे से विधानसभा के सामने से हजरतगंज चौराहा की ओर सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग चौराहा, परिवर्तन चौक, सुभाष चौराहा, चिरैयाझील, या बर्लिंग्टन चौराहा, कैण्ट ओवर ब्रिज होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। संकल्प वाटिका पुल के नीचे तिराहे से महानगर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन ध सिटी बसें सिकन्दरबाग हजरतगंज, विध ाानसभा की ओर नहीं आ सकेगें बल्कि यह यातायात बैकुण्ठ ध ााम, 1090 गांधी सेतु बन्दिरियाबाग, लालबत्ती कैण्ट होते हुए, अपने गंतव्य को जा सकेगी। केकेसी तिराहे से चारबाग की तरफ से आने वाले सिटीध रोडवेज बसें हुसैनगंज, रॉयल होटल विधानसभा की ओर नहीं आ सकेगें, बल्कि यह यातायात लोको, कैण्ट या बर्लिंग्टन चौराहा से कैसरबाग होकर अपने गन्तव्य को जा सकेगें।गोमतीनगर की तरफ से आने वाले बड़े वाहन ध बसें सिकन्दरबाग, हजरतगंज, विध ाानभवन की ओर नहीं जा सकेगें, बल्कि वाहनध्बसें बैकुण्ठ धाम, संकल्प वाटिका ओवर ब्रिज, चिरैयाझील होकर होकर कैसरबाग की ओर जायेगी तथा गांधी सेतु बन्दरियाबाग, लालबत्ती कैण्ट होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगीं। सिकन्दर बाग चौराहे से हजरतगंज विधानसभा की ओर जाने वाला सामान्य यातायात हजरतगंज की तरफ नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात सिकन्दर बाग चौराहे से दैनिक जागरण चौराहा, बालू अड्डा, गांध ी सेतू (1090) चौराहा या चिरैयाझील होते हुए अपने गंतव्य को जा सकेगा। परिवर्तन चौक, हिन्दी संस्थान तिराहे से हजरतगंज होकर विधान सभा की ओर जाने वाला सामान्य यातायात नहीं जा सकेगा बल्कि यह यातायात कैसरबाग या चिरैयाझील, संकल्प वाटिका या सिकन्दरबाग, दैनिक जागरण होकर गांधी सेतु (1090) चौराहा होते हुए गोल्फ क्लब चौराहे से बन्दरियाबाग, लालबत्ती, कैण्ट होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा। डीएसओ चौराहा से सिसेण्डी तिराहा, रॉयल होटल चौराहे की तरफ सामान्य यातायात नहीं आ जा सकेगा बल्कि यह यातायात हजरतगंज, मेफेयर, सिकन्दरबाग या रॉयल होटल चौराहे से बर्लिंग्टन चौराहा, कैण्ट होकर अपने गंतव्य को जा सकेगा।

# बाजारखाला और गुडम्बा में हजारों की चोरी

लखनऊ राजधानी में चोरों का गैंग सक्रीय हो गया है। यही वजह है कि बाजारखाला में एक दुकान और एक घर में चोरों ने ताला तोड़कर हजारों का माल समेत लिया। पुलिस ने रिपोर्ट दर्ज कर लिया है। प्रदीप कुमार गुप्ता पुत्र राम किशोर गुप्ता निवासी ऐशबाग ने थाना बाजारखाला पर सूचना दिया कि चार अगस्त की रात्रि करीब 11.00 बजे को ऐशबाग चौराहे पर स्थित वादी की दुकान बाबूलाल मिष्ठान भण्डार की शटल का ताला तोड़कर अज्ञात चोरों द्वारा दुकान में रखे 12000 रूपये नगदी को चोरी कर लिया गया है। दूसरी घटना थाना गुडम्बा की है। राम नरेश यादव पुत्र बनवारी लाल यादव निवासी–ग्राम नेवज पुर ने थाना गुडम्बा पर सूचना दिया कि 30 जुलाई को दिन में करीब 11.00 बजे वादी की माताजी का पैर टूट जाने के कारण वादी जनपद बस्ती गया हुआ था। 31 जुलाई को वादी सांय करीब चार बजे वादी को जरिये फोन पड़ोसियों द्वारा सूचना मिली कि उसके उक्त आवास का मेन गेट खुला हुआ है। इस सूचना पर वादी रात्रि 11.000 बजे अपने उक्त आवास पर वापस आया तो देखा कि घर से सोने चांदी के कीमती जेवरात व नगदी को अज्ञात चोरों द्वारा चोरी कर लिया गया है। इस सूचना पर पुलिस ने मुकदमा दर्ज कर लिया है।

# फलों का सेवन करते समय इन 5 गलतियों को करने से बचें, नहीं होगा नुकसान



जब फिटनेस और स्वास्थ्य की बात आती है तो फल हर किसी के लिए पोषण का पसंदीदा स्रोत होते हैं।हालांकि, कई लोग अनजाने में इनके सेवन के दौरान कुछ ऐसी गलतियां कर देते हैं, जो फायदे से ज्यादा नुकसान पहुंचा सकती हैं।ऐसे में आइये आज हम आपको फलों का सेवन करते समय होने वाली 5 सामान्य गलतियां बताते हैं, जिनसे आपको बचना चाहिए।

रात को फल खाने से बचें

ज्यादातर लोग रात के समय फल खा लेते हैं, जो गलत है।रात का खाना हल्का होना चाहिए और खाने से ठीक पहले फल खाना कई तरह से नुकसानदेह हो सकता है।इसका सबसे बड़ा कारण यह है कि इनमें मौजूद प्राकृतिक शुगर आपको लंबे समय तक जगाए रख सकती है क्योंकि यह ऊर्जा के स्तर को बढ़ाती है।इस कारण रात की बेहतर नींद के लिए सोने से कम–से–कम 2 से 3 घंटे पहले ही फल खा लें।

फलों का जूस न बनाएं

जब आप किसी भी फल का जूस निकालते हैं तो उसकी सारी प्राकृतिक शुगर गिलास में रह जाती है और उसका फाइबर और छिलके वाले पदार्थ बाहर निकल जाते हैं। इसके बाद जब आप जूस को पीते हैं तो यह आपको अग्नाश्य पर जल्द–से–जल्द चीनी को संसाधित करने के लिए दबाव डाल सकता है। इससे बचाव के लिए या तो साबुत फल खाए या फिर जूस में 50 प्रतिशत पानी मिलाकर पीये।

फलों को काटने के बाद देर तक बाहर न रखें

कुछ लोग फल को काटकर रख देते हैं और फिर लंबे अंतराल के बाद उन्हें खाते हैं। ऐसा करना सही नहीं है।जब आप फल काटते हैं तो ऑक्सीकरण तुरंत शुरू हो जाता है। इससे उनमें पोषण कम हो जाता है और वे तापमान और हवा से जल्दी खराब हो सकते हैं।इस कारण जब भी आपको फल खाना हो उसी वक्त ही उन्हें काटें। इससे उनमें पोषण बरकरार रहेगा।

फल खाने के तुरंत बाद पानी न पीये

स्वास्थ्य विशेषज्ञों का मानना है कि फल खाने के तुरंत बाद पानी नहीं पीना चाहिए क्योंकि यह शरीर के श्चद्ध स्तर को बिगाड़ता है और पाचन समस्याओं का कारण बनता है। इसके कारण आपका पेट फूला हुआ भी महसूस हो सकता है या गैस और अम्लता का अनुभव हो सकता है क्योंकि फल खाने के बाद पानी पीने से पाचन धीमा हो जाता है।इससे बचाव के लिए फल खाने के कम–से–कम 20 से 25 मिनट बाद पानी पीये।

ठंडे फल खाने से बचें

ज्यादातर लोगों को ठंडे फल खाना पसंद होता है। हालांकि, इन्हें सीधे फ्रिज से बाहर निकालकर खाना हानिकारक है।ऐसा इसलिए है क्योंकि ठंडे फल खाने से शरीर को एक छोटा–सा झटका लगता है, जिससे ब्लड सर्कुलेशन में बाधा होती है, त्वचा रूखी होती है और ब्रेन फॉग भी हो सकता है।इनसे बचाव और अधिकतर लाभ पाने के लिए कमरे के तापमान वाले फलों का सेवन करें।

## एथनिक आउटफिट में अनुष्का सेन ने दिखाई कातिलाना हुस्न की बेबाक अदाएं, प्यारी सी स्माइल से लूटी लाइमलाइट

टीवी एक्ट्रेस अनुष्का सेन अपने ड्रेसिंग सेंस के कारण सोशल मीडिया पर फैंस के बीच चर्चाएं बटौरती रहती हैं। एक्ट्रेस अपना हर एक लुक इंस्टाग्राम पर पोस्ट कर फैंस का ध्यान अपनी ओर



खींच लेती हैं। हाल ही में उनकी लेटेस्ट एथनिक लुक में फोटोज इंटरनेट पर तेजी से वायरल हो रही हैं। अनुष्का सेन टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस में से एक हैं। वो आए दिन अपनी सिम्पलिसिटी से लोगों का ध्यान खींच लेती है। हालिया फोटोशूट के दौरान एक्ट्रेस ने एथनिक लुक से फैंस के बीच कहर ढा दिया है। इन तस्वीरों में आप देख सकते हैं अनुष्का सेन ने ब्लैक कलर की साड़ी पहनी हुई है। एक्ट्रेस अपने इस ट्रेडिशनल आउटफिट में बेहद ही शानदार लग रही हैं। साथ ही फैंस उनकी लुक की तारीफ करते नहीं थक रहे हैं। एक बार फिर से अनुष्का सेन ने अपने ग्लैमरस लुक्स से फैंस के दिलों की धड़कनें तेज कर दी हैं। बता दें कि अनुष्का सेन जब भी अपनी तस्वीरें इंस्टाग्राम पर पोस्ट करती हैं तो फैंस उनकी तस्वीरों पर लाइक्स और कॉमेंट्स करते नहीं थकते हैं। हालांकि इन तस्वीरों में अब तक 4 लाख से भी ज्यादा यूजर्स लाइक कर चुके हैं। एक यूजर ने कॉमेंट करते हुए लिखा है– माई ड्रिम गर्ल, तो वहीं दूसरे यूजर ने लिखा है– गॉर्जियस अनुष्का। ऐसी ही और भी कॉमेंट्स की बौछार लगी हैं।




## जवान से जुड़े सुपरस्टार थलापति विजय, शाहरुख खान के साथ करेंगे धमाकेदार एक्शन




शाहरुख खान की जवान से जुड़ी आए दिन नई जानकारी सामने आ रही है। इस फिल्म में कई नामचीन कलाकार अपनी मौजूदगी दर्ज कराएंगे। जहां साउथ की मशहूर अभिनेत्री नयनतारा और निर्देशक एटली इस फिल्म से बॉलीवुड में अपनी पारी शुरू करने जा रहे हैं, वहीं अब साउथ के सुपरस्टार थलापति विजय की भी इसमें एंट्री हो गई है।फिल्म में उनकी मौजूदगी पर मोहर लग गई है।

जवान से विजय का नाम काफी समय से जुड़ रहा था और अब आखिरकार इस खबर की पुष्टि हो गई है।फिल्म के एक्शन कोरियोग्राफर ने कहा कि एक एक्शन सीन में शाहरुख और विजय साथ दिखेंगे और दोनों को एक ही फ्रेम में देखना दर्शकों के लिए एक जबरदस्त अनुभव होगा।चर्चा है कि विजय ने इस फिल्म के लिए कोई फीस नहीं ली है। दरअसल, उनके न सिर्फ एटली, बल्कि शाहरुख के साथ भी काफी अच्छे संबंध हैं। जवान में शाहरुख और नयनतारा के अलावा संजय दत्त, दीपिका पादुकोण, सान्या मल्होत्रा, सुनील ग्रोवर और विजय सेतुपति नजर आने वाले हैं। सेतुपति इसमें विलेन बने हैं।यह फिल्म वीएफएक्स और एक्शन से भरपूर होगी। फिल्म 7 सितंबर को एक साथ कई भाषाओं में दुनियाभर के सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। फिलहाल दर्शकों को इस फिल्म के ट्रेलर का इंतजार है।फिल्म से कलाकारों की झलक सामने आ चुकी है। पिछले दिन इससे सेतुपति का लुक सामने आया था।

विजय ने बाल कलाकार के तौर पर भी कई फिल्मों में काम किया, जबकि बतौर लीड अभिनेता उनकी पहली फिल्म नालया थीरपू थी, जो 1992 में आई थी।उन्होंने इंटरनेशनल अचीवमेंट रिकॉग्निशन अवॉर्ड और साउथ इंडियन इंटरनेशनल मूवी अवॉर्ड समेत कई पुरस्कार जीते हैं।पिछली बार विजय को फिल्म वारिसु में देखा गया था, जिसने 300 करोड़ रुपये का आंकड़ा पार किया था।विजय की पहली हिंदी फिल्म राउडी राठौर थी, जिसके गाने चिंता ता... में उन्हें देखा गया था।

विजय अपनी एक्शन फिल्मों और अभिनय से दर्शकों के बीच खूब सुर्खियां बटोरते हैं। इन दिनों वह फिल्म लियो को लेकर प्रशंसकों के बीच चर्चा में हैं।लियो में विजय के अलावा संजय दत्त नजर आने वाले हैं। अभिनेत्री तृषा कृष्णन इस फिल्म की हीरोइन हैं। साउथ से लेकर बॉलीवुड इंडस्ट्री में भी इस फिल्म को लेकर जबरदस्त उत्साह है।इसका निर्देशन लोकेश कनगराज कर रहे हैं, जिनकी कैथी, विक्रम और मास्टर जैसी पिछली फिल्में हिट साबित हुई हैं।

## राम पोथिनेनी, श्रीलीला ने मैं पीछे–पीछे में डांस फ्लोर पर आग लगा दी

संगीतकार एस. थमन अपने तत्व में हैं क्योंकि उन्होंने फुल–ऑन मास बीट्स और क्रेजी लिरिक्स के साथ एक बहुत ही जोशीला



और शानदार धुन तैयार की है जो काफी लयबद्ध है। संगीत निर्देशक ने गाने के मूड और गति को उत्साहित बनाए रखा है। श्रीराम चंद्रा और मालविका के स्वरों को रितेश जी. राव के युवा गीतों के साथ जोड़ा गया। राम की ऊर्जा और श्रीलीला का ग्लैमर गाने को अगले स्तर पर ले गया। अभिनेत्री वास्तव में राम की ऊर्जा से मेल खाती है। दोनों ने अपने खूबसूरत और धमाकेदार डांस से डांस फ्लोर पर आग लगा दी है. वेशभूषा और रंग–बिरंगे सेट ने भी गाने में और भी वजन बढ़ा दिया। श्रीनिवास सिल्वर स्क्रीन बैनर के तहत उच्च उत्पादन मूल्यों और शीर्ष तकनीकी मानकों के साथ भारी बजट पर श्रीनिवास चित्तूरी द्वारा प्रतिष्ठित रूप से निर्मित फिल्म के लिए संतोष डेटेक ने कैमरे को क्रैंक किया। इसे जी स्टूडियो साउथ और पवन कुमार द्वारा प्रस्तुत किया गया है। संपादन का कार्यभार तम्मुराजू ने संभाला है। स्कंद 15 सितंबर को दुनिया भर में तेलुगु, तमिल, कन्नड़, मलयालम और हिंदी भाषाओं में रिलीज के लिए तैयार हो रही है।

# जानें क्या है जुवेनाइल आर्थराइटिस, जो बच्चों को बना सकती है अपंग



जुवेनाइल आर्थराइटिस बच्चों में होने वाली एक ऑटोइम्यून बीमारी है. आंकड़ों पर ध्यान दें तो हमारे देश में हर 1,000 बच्चों में से एक बच्चा इस बीमारी से प्रभावित है. इसमें 16 साल से कम उम्र के बच्चों में गठिया का सबसे आम रूप पाया जाता है. इसकी वजह से क्रोनिक दर्द, जोड़ों में विकृति, विकास में समस्या और डेली की एक्टिविटीज में परेशानी शुरू हो जाती है. अगर शुरुआत में ही जुवेनाइल आर्थराइटिस (छ्वह्न्व1द्गठ्ठद्बद्यद्ग ह्म्ह्लद्धह्म्द्बह्लद्बह्य) पहचानकर इसका इलाज कराया जाए तो बच्चों में विकलांगता और जोड़ में परेशानी को रोका जा सकता है. इससे बचाव में डॉक्टर की दवा, लाइफस्टाइल में बदलाव और फिजिकल थेरेपी काफी मदद करती है. आइए जानते हैं इस बीमारी से जुड़ी हर एक डिटेल्स...

जुवेनाइल आर्थराइटिस के लक्षण: ऐसे बच्चे जो जुवेनाइल आर्थराइटिस के शिकार होते हैं, उन्हें कई चुनौतियों का सामना करना पड़ता है. दर्द, जोड़ों में अकडन और कम चल–फिर पाने जैसी समस्याएं हो सकती हैं. इसके चलते रोजाना की एक्टिविटीज और स्कूल, खेलकूद में बच्चों को परेशानियां होती हैं. कई बार इस बीमारी में दूसरे बच्चों से खुद को कम आंक बच्चे आइसोलेशन में भी चले जाते हैं. ये बीमारी उनकी आंख, दिल, फेफड़े और पाचन तंत्र को भी प्रभावित कर सकता है.

जुवेनाइल आर्थराइटिस का इलाज: माता–पिता को बचपन से ही बच्चे की हर गतिविधि पर नजर रखनी चाहिए। अगर उनमें इससे जुड़ी किसी भी तरह के संकेत दिखाई देते हैं तो तुरंत डॉक्टर के पास ले जाएं. क्योंकि सूजन से बच्चों की हड्डियों और जोड़ों में गंभीर समस्याएं हो सकती हैं. पैरेंट्स की देखभाल बच्चों की कठिनाई से बाहर आने में काफी मदद करती है. बच्चों को जुवेनाइल आर्थराइटिस से बचाने कुछ बातों का ध्यान रखना चाहिए...

1. बाल रोग विशेषज्ञ, रुमेटोलॉजिस्ट, बाल चिकित्सा आर्थोपेडिक सर्जन से नियमित तौर पर बच्चों की जांच इस बीमारी से बचाने में उनकी मदद कर सकती है.
2. बच्चों को समय पर दवा देना चाहिए, ताकि दर्द और सूजन को कम किया जा सके.
3. पोषक तत्वों से भरपूर भोजन करना चाहिए.
4. बच्चों को हल्के एक्सरसाइज करवाना चाहिए.
5. इस स्थिति से निपटने के लिए बच्चों को इमोशनल सपोर्ट करें.
6. जुवेनाइल आर्थराइटिस के बारे में ज्यादा से ज्यादा लोगों को बताने से इसकी समझ बढ़ सकती है और स्कूल– खेल के मैदान में सपोर्ट का माहौल बन सकता है.